Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबन्द में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया


RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 153 | गुरूवार, 05 जून -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया


# AJWAN PROPERTY DUBAI










| Building | Status | Apartment Name | Typology (Bedrooms) | Toilets | Parking | Total Area (Sqm) | Total Area (Sqft) | Apartment Area (Sqm) | Apartment Area (Sqft) | Total Balcony Area (Sqm) | Total Balcony Area (Sqft) | Views | Price |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| R1 | Available | R1-101 | 2 Bedrooms | 4 | 1 | 161 | 1734 | 118 | 1267 | 43 | 467 | Bay & Mountain View | AED 2,099,000 |
| R1 | Available | R1-102 | 2 Bedrooms | 4 | 1 | 164 | 1760 | 125 | 1347 | 38 | 413 | Beach & Sea View | AED 2,399,000 |
| R1 | Available | R1-104 | 2 Bedrooms | 4 | 1 | 149 | 1606 | 123 | 1319 | 27 | 287 | Beach & Sea View | AED 2,199,000 |
| R1 | Available | R1-105 | 3 Bedrooms | 4 | 2 | 223 | 2399 | 167 | 1800 | 56 | 599 | Beach & Sea View | AED 3,299,000 |
| R1 | Available | R1-106 | 3 Bedrooms | 4 | 2 | 235 | 2525 | 166 | 1792 | 68 | 733 | Bay & Mountain View | AED 3,099,000 |
| R1 | Available | R1-107 | 2 Bedrooms | 4 | 1 | 152 | 1641 | 118 | 1268 | 35 | 373 | Bay & Mountain View | AED 1,999,000 |
| R1 | Available | R1-201 | 2 Bedrooms | 4 | 1 | 133 | 1429 | 118 | 1267 | 15 | 162 | Bay & Mountain View | AED 1,799,000 |
| R1 | Available | R1-301 | 2 Bedrooms | 4 | 1 | 134 | 1438 | 118 | 1267 | 16 | 171 | Bay & Mountain View | AED 1,799,000 |
| R1 | Available | R1-304 | 2 Bedrooms | 4 | 1 | 135 | 1453 | 123 | 1319 | 12 | 133 | Beach & Sea View | AED 2,099,000 |
| R1 | Available | R1-305 | 3 Bedrooms | 5 | 2 | 237 | 2549 | 187 | 2008 | 50 | 541 | Beach & Sea and Bay & Mountain View | AED 3,499,000 |
| R1 | Available | R1-401 | 2 Bedrooms | 4 | 1 | 133 | 1429 | 118 | 1267 | 15 | 162 | Bay & Mountain View | AED 1,799,000 |
| R1 | Available | R1-404 | 3 Bedrooms | 4 | 2 | 236 | 2537 | 160 | 1724 | 76 | 813 | Bay & Mountain and Garden View | AED 3,099,000 |
| R1 | Available | R1-501 | 2 Bedrooms | 4 | 1 | 134 | 1438 | 118 | 1267 | 16 | 171 | Bay & Mountain View | AED 1,899,000 |
| R1 | Available | R1-503 | 4 Bedrooms | 5 | 2 | 368 | 3968 | 264 | 2843 | 104 | 1124 | Beach & Sea and Mountain View | AED 5,199,000 |
| R1 | Available | R1-601 | 2 Bedrooms | 4 | 1 | 134 | 1438 | 118 | 1267 | 16 | 171 | Bay & Mountain View | AED 1,899,000 |
| R1 | Available | R1-602 | 4 Bedrooms | 5 | 2 | 280 | 3014 | 209 | 2247 | 71 | 767 | Beach & Sea and Garden View | AED 4,099,000 |
| R1 | Available | R1-603 | 2 Bedrooms | 4 | 1 | 141 | 1517 | 119 | 1278 | 22 | 239 | Bay & Mountain and Garden View | AED 1,599,000 |




BULLS EYE
invest for glory

## Contact detail

BULLS EYE +971559287424
Kushagra sharma - +971509032611, 9911244479

Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 153 | गुरूवार, 05 जून -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया







जनसैलाब

## बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर दर्दनाक हादसा

# आरसीबी की जीत के जश्न में मची भगदड़ 11 की मौत



**10** लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा मृतकों के परिवारों को


**35** हजार लोगों कीस्टेडियम की क्षमता केवल दो-तीन लाख लोग आ गए

बेंगलुरु।

रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) द्वारा पहली बार आइपीएल का खिताब जीतने के जश्न में शामिल होने के लिए बुधवार को चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हजारों की संख्या में प्रशंसकों के उमड़ने के बाद मची भगदड़ में 11 लोग मारे गए और 33 अन्य घायल हो गए। हालांकि, स्टेडियम के भीतर जीत का जश्न जारी रहा। कर्नाटक क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में टीम की एक झलक पाने के लिए स्टेडियम के बाहर बड़ी संख्या में प्रशंसक उमड़ पड़े, जिन पर पुलिस नियंत्रण नहीं रख सकी। इसके लिए हल्का बल प्रयोग भी करना पड़ा। ये प्रशंसक स्टेडियम के भीतर घुसने की कोशिश में प्रवेश द्वार के बाहर ही भगदड़ का शिकार हो गए। गंभीर रूप से घायलों का इलाज वैदेही अस्पताल और बोवरिंग अस्पताल में चल रहा है। कई लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जिससे मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। आरसीबी ने मंगलवार को अहमदाबाद में आइपीएल फाइनल में पंजाब किंग्स को छह रन से हराकर 18 साल में अपना पहला खिताब जीता था। कर्नाटक सरकार ने चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास मची भगदड़ में मारे गए लोगों के परिवारों को 10-10 लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने कहा कि सरकार घायलों को मुफ्त इलाज भी मुहैया कराएगी।


घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि यह त्रासदी नहीं होनी चाहिए थी। सरकार इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करती है। उन्होंने मामले की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि वह इस घटना का बचाव नहीं करना चाहते। उनकी सरकार इस पर राजनीति नहीं करेगी। किसी को भी इतनी बड़ी भीड़ की उम्मीद नहीं थी। स्टेडियम की क्षमता केवल 35 हजार लोगों की है, लेकिन दो-तीन लाख लोग आ गए। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि भीड़ अनियंत्रित हो गई और पुलिस के लिए स्थिति को संभालना मुश्किल हो गया था, जिससे हमें जुलूस रोकना पड़ा। शिवकुमार ने लोगों से शांत रहने और नहीं घबराने की अपील की। उन्होंने पुलिस कमिश्नर और अन्य अधिकारियों से बात की, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि स्थिति नियंत्रण में है। कार्यक्रम के दौरान कुप्रबंधन के लिए आयोजकों पर सवाल उठाए जा रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, समारोह स्थल पर प्रशंसकों की भीड़ उमड़ने से भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो गई। तस्वीरों में पुलिस को घायलों और बेहोश हुए लोगों को एंबुलेंस में डालकर पास के अस्पतालों में ले जाते हुए दिखाया गया। तस्वीरों में यह भी दिखाया गया कि बेहोशी की हालत में कुछ लोगों को आस-पास के लोग कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) दे रहे थे। पुलिस को भीड़ को नियंत्रित करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी, क्योंकि उसी समय बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी स्टेडियम में घुसने की कोशिश कर रहे थे। बेंगलुरु पुलिस की ओर से जारी ट्रैफिक एडवाइजरी के अनुसार, चिन्नास्वामी स्टेडियम में केवल वैध टिकट और पास वाले लोगों को ही प्रवेश दिया जा रहा था। चूंकि स्टेडियम के पास सीमित पार्किंग सुविधा उपलब्ध है, इसलिए कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोगों को सार्वजनिक परिवहन और मेट्रो का उपयोग करने की सलाह दी गई थी। इससे पहले टीम बुधवार दोपहर जब यहां पहुंची तो हवाई अड्डे के बाहर सड़क पर दोनों तरफ बड़ी संख्या में खड़े प्रशंसकों ने उनका गर्मजोशी से अभिवादन किया।

**33** लोग हुए घायल



## पीएम मोदी ने जताया दुख

प्रधानमंत्री कार्यालय ने पीएम मोदी के हवाले से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "बेंगलुरु में हुई दुर्घटना बहुत ही दुखद है। इस दुखद घड़ी में मेरी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं प्रार्थना करता हूं कि जो लोग घायल हुए हैं वे जल्द स्वस्थ हो जाएं।"




## मेरे पास कहने के लिए शब्द नहीं हैं, पूरी तरह से टूट गया हूं।'

विराट कोहली ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर आरसीबी के बयान को शेयर कर हुए लिखा, 'मेरे पास कहने के लिए शब्द नहीं हैं। पूरी तरह से टूट गया हूं।' इस दुखद घटना के बाद फैंस को विराट कोहली की प्रतिक्रिया का इंतजार था। विराट कोहली ने जिस तरह से सोशल मीडिया पर अपनी बात उससे साफ पता चलता है कि उन्हें भगदड़ की घटना से कितना दुख हुआ है।

## हादसे की तस्वीरें







## संपादक की कलम से

# इस कोरोना का यथार्थ

कोरोना वायरस का संक्रमण लगातार फैलता जा रहा है। हमारी निगाह संक्रमित मरीजों की संख्या पर थी। आश्वस्त किया जा रहा था कि कोरोना वायरस की यह नस्ल उतनी भयावह नहीं है, जितनी हम कोरोना की तीन लहरों के दौरान देख और झेल चुके हैं। यह नस्ल संक्रामक जरूर है, तेजी से फैलती है, लेकिन अपेक्षाकृत मारक नहीं है, लिहाजा चिंता न करें, लेकिन सावधानी जरूर बरतें। अब देश में संक्रमित लोगों की संख्या 4000 को पार कर चुकी है और दिल्ली उच्च न्यायालय ने भी हस्तक्षेप कर केंद्र सरकार से स्टेटस रपट तलब की है, तब हम भी कुछ चिंतित हुए हैं। शुक्र है कि अदालत ने सरकार को नोटिस नहीं भेजा, क्योंकि देश में सैंपल कलेक्शन और पैथ लैब को लेकर कोई मानक प्रक्रिया ही नहीं है। जांच की गुणवत्ता पर भी सवाल उठते रहे हैं, क्योंकि पैथ लैब की रपटों में गहरी भिन्नता है। यह कोरोना की पूर्व लहरों के दौरान महसूस किया जा चुका है। फिलहाल केरल, महाराष्ट्र, दिल्ली, गुजरात, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक आदि राज्यों में संक्रमण का ज्यादा प्रभाव देखा गया है। अकेले केरल में ही संक्रमित मरीजों की संख्या 1500 के पास पहुंच चुकी है। आर्थिक राजधानी मुंबई और देश की राजधानी दिल्ली में कोरोना संक्रमण तेजी से फैल रहा है। फिलहाल मौतों की संख्या आधा दर्जन है और 146 करोड़ की आबादी वाले देश में यह आंकड़ा नगण्य है। अभी तक जो मौतें हुई हैं, वे मधुमेह, उच्च रक्तचाप, निमोनिया, गुर्दे की पुरानी बीमारी, एक्यूट कोरोनरी सिंड्रोम आदि पहले से ही मौजूद बीमारियों के कारण हुई हैं, लेकिन चिकित्सकों ने यह स्पष्ट नहीं किया कि कोरोना संक्रमण का असर कितना था? जिन राज्यों में संक्रमण तेजी से फैल रहा है, वे बेहतर संसाधनों और स्वास्थ्य ढांचे वाले राज्य हैं, लिहाजा उनकी जिम्मेदारी अधिक है कि संक्रमण का न्यूनतम विस्तार होना चाहिए। 2020-22 के दौरान भी कोरोना की शुरूआत इसी तरह हुई थी। अंततः 5.3 लाख मौतें दर्ज की गईं। जो मौतें दर्ज नहीं की जा सकीं, उनका आंकड़ा भी काफी होगा! गैर-सरकारी संगठन और एजेंसियां यह संख्या 45-47 लाख मानती हैं। बहरहाल उतनी दहशत में आने की जरूरत नहीं है, क्योंकि भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) का कहना है कि ज्यादातर कोरोना संक्रमण हल्के हैं। उन्होंने एलएफ-7, एक्सएफजी, जेएन-1 और एनबी-1.8.1 जैसे कुछ सब-वेरिएंट की पहचान की है। उनमें एलएफ-7, एक्सएफजी और जेएन-1 सबसे सामान्य हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मई, 2025 तक ऐसे कोरोना वायरस को वेरिएंट्स अंडर मॉनिटरिंग के वर्ग में रखा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन में मुख्य वैज्ञानिक रह चुकीं सौम्या स्वामीनाथन ने भी कहा है कि यह 2020-21 के भयानक दौर की वापसी का संकेत नहीं है, लेकिन इसके मायने ये भी नहीं हैं कि इसको हल्के में लिया जाए। चूंकि भारत में 70 फीसदी से अधिक आबादी में कोरोना का टीकाकरण हो चुका है, लिहाजा महामारी विशेषज्ञों और मेडिकल बिरादरी का मानना है कि कोरोना का मौजूदा वेरिएंट मौसमी फ्लू से कुछ ही ज्यादा है। लेकिन थाईलैंड की खबर है कि वहां करीब 2.5 लाख लोग कोरोना की गिरफ्त में आ चुके हैं। यह सही है कि इस संक्रमण के लक्षण हल्के हैं, लेकिन पहले से गंभीर बीमारियों के शिकार लोगों, बच्चों और बुजुर्गों को किसी भी तरह की लापरवाही भारी भी पड़ सकती है। भारत में सिर्फ कोरोना का ही संकट नहीं है, लेकिन एच5एन1, डेंगू, चिकनगुनिआ, निपाह, जीका आदि खतरनाक वायरसों की घर-घर चर्चा है। ये संक्रमण भी फैलते हैं और मौतें भी होती हैं। हमने इनसे सबक सीखे हैं। जन स्वास्थ्य मशीनरी में जहां भी कमजोर कड़ी दिखाई देती है, उसे बेनकाब किया जाता है। हालांकि इन पर भी सवाल हैं। वायरस की नस्ल की पहचान करने में ही लंबा वक्त खर्च हो जाता है, संक्रमण के अनुपात में ऐसी प्रयोगशालाएं बेहद कम हैं, जिनमें पूरी तरह जांच के उपकरण हों। क्या हमने उनकी जिम्मेदारी तय की है? हमारी निगरानी प्रणालियां, स्वास्थ्य ढांचा और सामुदायिक देखभाल भी पर्याप्त नहीं हैं। कोरोना इस बार खतरा साबित न हो, लेकिन हम नहीं जानते कि कब, कहां और कौन-सा वायरस फैल सकता है और हम मौत के मुहाने तक पहुंच सकते हैं। बहरहाल, चिंतित होने की जरूरत नहीं है, लेकिन सतर्कता बरतना बहुत जरूरी है। केंद्र और राज्य सरकारों को मिलकर इससे निपटने के लिए आवश्यक इंतजाम कर लेने चाहिएं।


ललित शर्मा
संपादक

## डिकेश दिवाकर



### विस्तार

कविता

01. जंगल कट अनमोल, गया हसदेव हमारा ।
जहाँ कोयला खान , बनाने कानन सारा ।।
सिमट चुका विस्तार,क्षेत्र है खाली दिखता ।
लालच में इंसान,आज हर पल है बिकता ।।

02. प्राण वायु विस्तार , जहाँ बहता था निर्मल ।
जहरीला पवमान,वहाँ चलता अब पल-पल ।।
जिनका घर हसदेव,उन्हीं को आज भगाया ।
जल थल नभ के जीव,जंतु अनिकेत बनाया ।।

03. मोहित होकर मेघ,जहाँ था घिरकर आता ।
श्याम रूप विस्तार,जलद दे जल बरसाता ।।
कैसे कल-कल धार,मिलेंगे हसदो के अब ।
हरियाली थी शान,वहाँ बीहड़ दिखता सब ।।

04. माना उन्नति आज , जरूरी है जीवन में ।
ये विकास किस काम,साँस जब न रहे तन में
लोग विकास के नाम,रहे दे न्योता अवनति ।
नियम प्रकृति का छेड़,स्वयं का करने दुर्गति ।।

05. प्रकृति छेड़ना छोड़,कुपित वह हो जायेगी ।
प्रकृति अन्यथा काल,रूप धर कर आयेगी ।।
महाविनाश प्रचंड , कहर फिर बरपायेगी ।
आयेगा भूकंप , भूस्खलन दिखलायेगी ।।

06. होगा ओला वृष्टि , संग में बाढ़ सुनामी ।
ज्वालामुखी प्रचंड , बवंडर फल दुर्गामी ।।
है विनाश विस्तार , रोकना हाथ तुम्हारे ।
बीत समय पछतात,मिलेगा फिर क्या प्यारे ।।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# डोनाल्ड ट्रंप का रवैया हैरान करने वाला भारत को नए रास्ते पर जाना ही पड़ेगा!



भारत की घरेलू राजनीति में मचे बवाल के बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार अपने दावे को दोहरा रहे हैं और इससे यह बात साफ होती जा रही है कि वह अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में भारत की साख का अपने फायदे के लिए दुरुपयोग करना चाहते हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव फिलहाल कम होने का नाम नहीं ले रहा है। भारत की बहादुर सेना से बुरी तरह से मात खाने के बावजूद पाकिस्तान का बड़बोलापन जारी है। भारत जैसे ताकतवर देश के लिए पाकिस्तान कोई बड़ी चुनौती नहीं है लेकिन वह आतंकवाद को अपनी विदेश नीति का अभिन्न अंग बना चुका है। ऐसे में सब कुछ जानने और समझने के बावजूद दुनिया के कई देशों का विचित्र रवैया काफी हैरान करने वाला है। चीन के डर को तो समझा जा सकता है क्योंकि उसने भारत के एक बड़े भूभाग पर अवैध कब्जा किया हुआ है। चीन को हमेशा यह डर सताता रहता है कि ताकतवर भारत उससे अपनी भूमि वापस ले लेगा जिससे उसके मंसूबे धरे के धरे रह जाएंगे। लेकिन दुनिया के सबसे ताकतवर लोकतांत्रिक देश अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का रवैया काफी हैरान करने वाला है। भारत के प्रधानमंत्री ने पिछले राष्ट्रपति चुनाव में अमेरिका जाकर डोनाल्ड ट्रंप के चुनावी अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस बार डोनाल्ड ट्रंप की जीत में अमेरिका में रह रहे भारतीय मूल के लोगों की बड़ी भूमिका रही है। भारत दुनिया का सबसे विशाल और प्राचीन लोकतांत्रिक देश है और इस नाते अमेरिका का हर नेता भारत के महत्व को अच्छी तरह से समझता है। विश्व शांति, जलवायु परिवर्तन और वैश्विक व्यापार सहित शायद ही कोई ऐसा क्षेत्र होगा,जिसमें भारत ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका ना निभाई हो। वर्ष 1947 में आजाद होने के बाद से ही भारत की सभी सरकारों ने बातचीत,संवाद और शांति की हमेशा वकालत की। भारत के बिना आज किसी भी अंतर्राष्ट्रीय संगठन की सफलता सुनिश्चित नहीं हो सकती लेकिन इसके बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने बयानों और फैसलों से भारत के लिए लगातार असहज स्थिति पैदा कर रहे हैं।

चुनाव के बल पर अमेरिका में दूसरी बार राष्ट्रपति बने डोनाल्ड ट्रंप इस बात को बखूबी समझते हैं कि उनके हर बयान का असर भारत की घरेलू राजनीति पर पड़ता है। लेकिन इसके बावजूद वह लगातार, दुनियाभर में घूम-घूम कर यह दावा कर रहे हैं कि उन्होंने व्यापार रोकने की धमकी देकर भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम करवाया था। भारत द्वारा इनकार करने के बावजूद ट्रंप चुप होने को तैयार नहीं है और हर बार उनका बयान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सत्तारूढ़ गठबंधन के लिए असहज स्थिति पैदा करता हुआ नजर आता है। भारत में कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी राजनीतिक दल डोनाल्ड ट्रंप के बयानों का हवाला देते हुए मोदी सरकार पर सरेंडर करने का आरोप लगा रहे हैं। देश के 16 विपक्षी राजनीतिक दलों के नेताओं ने एकजुट होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर, इन तमाम मसलों पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। भारत की घरेलू राजनीति में मचे बवाल के बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार अपने दावे को दोहरा रहे हैं और इससे यह बात साफ होती जा रही है कि वह अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में भारत की साख का अपने फायदे के लिए दुरुपयोग करना चाहते हैं। अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक ने तो खुलकर कह दिया है कि भारत द्वारा रूस से सैन्य साजो-सामान खरीदने और ब्रिक्स समूह ( जिसमें भारत के अलावा ब्राजील, रूस, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल है ) में शामिल होने के कारण अमेरिका भारत से नाराज है। यहां यह बात याद रखने वाली है कि आजादी के बाद अमेरिका और सोवियत संघ रूस के नेतृत्व में बंटे दो ध्रुवीय विश्व में भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने ही गुटनिरपेक्ष आंदोलन की नींव रखकर भारत के स्टैंड को साफ कर दिया था। लेकिन इस स्टैंड के बावजूद संकट के समय पर पहले सोवियत संघ रूस ने और बाद में रूस ने कई मौकों पर भारत का साथ दिया। जबकि अमेरिका ने ऐसे हर मौके पर पाकिस्तान का साथ दिया, उसे हथियार दिए, सैन्य साजो सामान दिए। यहां तक कि अमेरिका ने अपने फायदे के लिए पाकिस्तान को आतंकवादियों का गढ़ तक बनने दिया। हर तरह से भारत के लिए मुश्किलें पैदा करने वाला अमेरिका एक बार फिर से पाकिस्तान के साथ ही खड़ा होता हुआ नजर आ रहा है। भारत ने कई दशकों तक चले प्रयासों के कारण अपने आपको पाकिस्तान से कहीं ज्यादा आगे खड़ा कर दिया था लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति और उनकी सरकार भारत और पाकिस्तान को फिर से एक ही तराजू के दो पलड़ो पर खड़ा करने की नापाक कोशिश कर रही है। अमेरिका के इस रवैए से तस्वीर बिल्कुल साफ होती हुई नजर आ रही है कि भारत को अपनी लड़ाई अब खुद ही लड़नी होगी। पूरा विश्व तेजी से बदल रहा है। संकट के ऐसे काल में भारत को जहां एक तरफ अमेरिका सहित अन्य तमाम यूरोपीय देशों में रह रहे भारतीयों की ताकत और क्षमता का सदुपयोग करते हुए इन देशों के अंदर प्रभावशाली दबाव समूह के निर्माण के लिए काम करना चाहिए। तो वहीं दूसरी तरफ अपने विशाल बाजार की क्षमता का भी सही से उपयोग करते हुए तथाकथित बड़े देशों को स्पष्ट तौर पर आईना दिखा देना चाहिए कि भारत को धमकी और भारत के साथ व्यापार, दोनों एक साथ नहीं चल सकते हैं।

# आम जनता ने सुप्रीम कोर्ट,जिला मजिस्ट्रेट व जजों के चुनाव में वोट डाले-2700 से अधिक न्यायिक पदों के लिए 7700 उम्मीदवार चुनाव लड़े-अदालतों के राजनीतिक व आपराधिक दबाव में आने की संभावना


गोंदिया

वैश्विक स्तरपर अनेक देशों में न्यायक क्षेत्र को अपने अधीन रखने में तेज कवायतें चलती रही है, तो अनेकों देशों ने अपने संसद में कानून बनाकर सुप्रीम कोर्ट के जजों की नियुक्ति, हाईकोर्ट जिला सत्र न्यायालय संबंधी कुछ नियमों को संशोधित कर, यानें संविधान को संशोधन कर पूरा पावर अपने हाथों में कर लिया है,जिसका सटीक उदाहरण पाकिस्तान इजराइल सहित कुछ देश हैं, व अनेकों देश इस दिशा में कदम बढ़ा चुके हैं,क्योंकि अनेक देशों में हमने देखे हैं कि न्यायालय द्वारा अनेक बड़े-बड़े लीडरों को सलाखों के पीछे भेज दिया है व केंद्र एवं राज्य सरकारों के निर्णयों को पलट भी दिया है, हालांकि वे सरकारें तुरंत अध्यादेश लाकर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को पलट देती है, जिसका सबसे बड़ा उदाहरण अभी दिल्ली केस में सुप्रीम कोर्ट के आर्डर को अध्यादेश लाकर पलट दिए, इस खेल की शुरूआत करीब 1986 में शाहबानो केस से हुई जिसमें सुप्रीम कोर्ट के आदेश को अध्यादेश लाकर पलट दिया गया था।आज इस बात की चर्चा हम इसलिए कर रहे हैं क्योंकि मेक्सिको में 11 सितंबर 2024 को एक कानून पारित कर दुनियाँ का पहला ऐसा देश बन गया था, जिसने वोटर को सभी स्तरों पर जजों को चुनने की इजाजत दे दी, जिसमें ऊपरी सदनमें बिल के पक्ष में 68 व विरोध में 41 वोट पड़े थे व संशोधन के साथ दो तिहाई बहुमत से पारित हो गया था, व 2025 व 2027 में जजों के चुनाव की व्यवस्था की गई थी इसके पहले चरण में दिनांक 2 जून 2025 को चुनाव हुए जिसमें करीब 2700 से अधिक पदों के लिए 7700 उम्मीदवारों ने भाग लिया था।मेरा मानना है कि इस पारित किए गए कानून व उसके अनुसार किए गए चुनाव को संयुक्त राष्ट्र या वैश्विक मंचों द्वारा खारिज करने की कार्रवाई करनी चाहिए क्योंकि यह व्यवस्था पूरी न्यायिक प्रणाली का राजनीति करण व अपराधीकरण लाने की संभावना बढ़ जाएगी व न्यायिक व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ जाएगी जिसे आम जनता का विश्वास न्याय व्यवस्था से पूरी तरह से उठ जाएगा।चूँकि विश्व में मेक्सिको एक ऐसा पहला देश बन गया है जहां न्यायायिक पदों के लिए सीधे आम जनता ने वोट डाला सिर्फ 13 पेर्सेंट वोटिंग दर्ज की गई है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,अदालतों को लोकतांत्रिक बनाने,सीधा आम जनता द्वारा चुनाव,अनोखा विवादित व लोकतंत्र का मजाक है- न्यायिक व्यवस्था राजनीतिक अपराधिक व अयोग्य व्यक्तियों के हाथों में होगी।

साथियों बात अगर हम मेक्सिको में आम जनता द्वारा जजों के चुनाव में 13 पर्सेंट वोट देकर नाकारनें की करें तो, मेक्सिको द्वारा देशव्यापी चुनावों के माध्यम से अपनी न्यायिक प्रणाली में सुधार करने के महत्वाकांक्षी प्रयास को मतदाताओं से बहुत कम प्रतिक्रिया मिली है। राष्ट्रपति द्वारा इस प्रक्रिया को सफल बताए जाने के बावजूद, मतदान में पात्र मतदाताओं का केवल 13पेर्सेंट हिस्सा ही शामिल होने का अनुमान है, जो हाल के राष्ट्रपति चुनावों में 60 पेर्सेंट भागीदारी के बिल्कुल विपरीत है। अपने पैमाने में अभूतपूर्व इस सर्वेक्षण का उद्देश्य सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों सहित लगभग 3,000 न्यायिक पदों का चयन करना था। आलोचकों का तर्क है कि इस दृष्टिकोण से सत्तारूढ़ पार्टी को सरकार की सभीशाखाओं में सत्ता को मजबूत करने की अनुमति मिल सकती है, जो संभावित रूप से न्यायिक स्वतंत्रता से समझौता कर सकती है। कम मतदान का कारण मतदाताओं का भ्रम, उम्मीदवारों के बारे में जानकारी की कमी और योग्यता के आधार पर न्यायाधीशों की नियुक्ति के बजाय उन्हें चुनने के बारे में व्यापक संदेह है। जैसे-जैसे परिणाम आ रहे हैं, इस बारे में सवाल उठ रहे हैं कि क्या यह लोकतांत्रिक प्रयोग मेक्सिको की टूटी हुई न्याय प्रणाली को संबोधित करेगा,जहां सार्वजनिक अविश्वास के कारण 10पेर्सेंट से भी कम अपराध दर्ज किए जाते हैं। इन चुनावों के परिणाम मैक्सिकन शासन में शक्ति संतुलन के लिए दूरगामी प्रभाव डाल सकते हैं। मीडिया ए रिपोर्ट बता दें,मैक्सिको में इतिहास में पहली बार न्यायिक चुनाव हो रहे हैं, जिसने देश में विवाद खड़ा कर दिया है।इसने उनमतदाताओं को उलझन में डाल दिया है, जो अब भी इस प्रक्रिया को समझने की कोशिश कर रहे हैं। इस नए बदलाव से देश की अदालत प्रणाली पूरी तरह बदल सकती है। पिछले साल के अंत में मेक्सिको की सत्तारूढ़ पार्टी ने अदालत प्रणाली में बड़े बदलाव किए थे। इसका विरोध करते हुए कई लोगों ने आरोप लगाया कि सरकार अपने राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल करके न्यायपालिका पर कब्जा करना चाहती है, जो अब तक उसके नियंत्रण से बाहर रही है।

साथियों बात अगर हम मेक्सिको में इस चुनाव के पक्ष और विपक्ष में अनेकों विचारों को जानने की करें तो कानूनी संगठन की निदेशक ने कहा, यह अदालत प्रणाली को अपने काबू में करने की कोशिश है। न्यायपालिका अब तक सत्ता वालों की आंख की किरकिरी बनी हुई थी। मगर एक मजबूत लोकतंत्र में यही संतुलन बनाए रखने का जरिया होता है।अब तक न्यायाधीशों की नियुक्ति उनके अनुभव और योग्यता के आधार पर होती थी, लेकिन इस बार करीब 7,700 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं, जिनमें से 2,600 से ज्यादा न्यायिक पदों के लिए जनता नें वोट की।राष्ट्रपति और उनकी पार्टी का कहना है कि यह चुनाव न्याय व्यवस्था से भ्रष्टाचार को खत्म करने की दिशा में एक कदम है, क्योंकि देश लंबे समय से अपराधियों को सजा ना मिल पाने की समस्या से जूझ रहा है। लेकिन आलोचक कहते हैं कि इससे लोकतंत्र कमजोर होगा और अपराधी व भ्रष्ट ताकतें न्यायपालिका में घुसपैठ कर सकती हैं। डिफेन्सोरक्स' जैसे नागरिक समूहों ने कई उम्मीदवारों पर सवाल उठाए हैं। इनमें कुछ ऐसे वकील शामिल हैं, जो मैक्सिको के कुख्यात ड्रग माफियाओं के मुकदमे लड़ चुके हैं। इसके अलावा, कुछ ऐसे अधिकारी भी चुनाव लड़े हैं, जिन्हें भ्रष्टाचार के कारण पद छोड़ना पड़ा था और यहां तक कि कुछ पूर्व अधिकारी जो अमेरिका में ड्रग तस्करी के मामले में जेल की सजा भी काट चुके हैं। कुछ उम्मीदवारों का संबंध एक धार्मिक समूह से है, जिसके आध्यात्मिक नेता अमेरिका में बच्चों के यौन शोषण के जुर्म में सजा काट रहे हैं। दूसरी तरफ, मतदाता प्रक्रिया को लेकर भ्रमित हैं। एक विशेषज्ञ के अनुसार, चुनाव की योजना जल्दबाजी में बनाई गई है और लोग जानते ही नहीं कि किसे वोट दें। कई जगहों पर एक-एक पद के लिए 100 से ज्यादा उम्मीदवार हैं और उम्मीदवारों को न तो अपनी पार्टी की पहचान बताने की अनुमति है, न ही वे खुलकर प्रचार कर सकते हैं। नतीजा ये है कि लोग आंख मूंदकर वोट डालने जा रहे हैं। रविवार के न्यायिक चुनावों में संघीय,राज्य और स्थानीय न्यायाधीशों के 2,700 पदों के लिए अभी भी मतों की गिनती जारी थी, तथा सुप्रीम कोर्ट के नौ पदों के लिए भी परिणाम आ गए।नवनिर्वाचित न्यायाधीशों में सेअधिकांश सत्तारूढ़ दल के साथ मजबूत संबंध और वैचारिक समानता रखते हैं, जिसके कारण एक समय काफी संतुलित उच्च न्यायालय उसी पार्टी के हाथों में चला गया है जिसने पहली बार न्यायाधीशों के चुनाव के लिए न्यायिक प्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन किया था आलोचकों का कहना है कि न्यायिक सुधार उच्च लोकप्रियता के स्तर का लाभ उठाकर अदालतों को पार्टी के पक्ष में करने का एक प्रयास था। एक अन्य विशेषज्ञ ने जोर देकर कहा है कि न्यायाधीशों का चुनाव करने से भ्रष्टाचार जड़ से खत्म हो जाएगा, क्योंकि अधिकांश मैक्सिकन इस प्रणाली के बारे में सहमत हैं कि यह टूटी हुई है।मतदान के दौरान कहा, जो कोई भी कहता है कि मेक्सिको में तानाशाही है,वह झूठ बोल रहा है। मेक्सिको एक ऐसा देश है जो केवल अधिक स्वतंत्र, न्यायपूर्ण और लोकतांत्रिक बन रहा है क्योंकि यही लोगों की इच्छा है।चुनावों में लगभग 13 प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी कम रही तथा मतदाताओं में भ्रम की स्थिति रही, क्योंकि उन्हें नई मतदान प्रणाली को समझनेमें कठिनाई हुई,जिसे विरोधियों ने तुरंत विफलता मान लिया।

साथियों बात अगर हम इस ज्यूडिशरी रिफॉर्म से भ्रष्टाचार हटाना है या राजनीतिक मोहरा मकसद बनाना है की करें पूर्व राष्ट्रपति ने अपने कार्यकाल के अंत में इस बदलाव को मंजूरी दी थी, उनका दावा था कि इससे अदालतों में जवाबदेही बढ़ेगी और जनता को न्यायिक प्रक्रिया में हिस्सेदारी मिलेगी, लेकिन विरोधियों का कहना है कि ये सब ओब्राडोर की पार्टी की सत्ता को और मजबूत करने की कोशिश है. क्योंकि कोर्ट अक्सर उनके प्रस्तावों को खारिज करती रही है, अब अगर जज भी जनता के वोट से चुनेंगे, तो उन पर राजनीतिक प्रभाव डालना आसान हो सकता है। कोई भी राजनीतिक पार्टी किसी उम्मीदवार को नामांकित या समर्थन नहीं कर सकती, उम्मीदवारों को खुद ही चुनाव प्रचार का खर्च उठाना होगा, टीवी-रेडियो पर विज्ञापन बैन है, लेकिन सोशल मीडिया और इंटरव्यू की छूट है. एक नया जुडीशल डिसिप्लिनरी ट्रिब्यूनल भी बनाया गया है जो जजों पर निगरानी रखेगा और जरूरत पड़ने पर उन्हें सस्पेंड या बर्खास्त कर सकेगा,हालांकि नियमों में पार्टियों की भूमिका पर रोक है,माफिया का डर भी बना हुआ है मानवाधिकार संगठनों ने चेतावनी दी है कि अपराधी समूह खासकर स्थानीय स्तर पर इन चुनावों को प्रभावित कर सकते हैं, पहले भी माफिया ने विरोधी नेताओं को धमकाया या मार दिया है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विशेषण विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि आम जनता ने सुप्रीम कोर्ट,जिला मजिस्ट्रेट व जजों के चुनाव में वोट डाले-2700 से अधिक न्यायिक पदों के लिए 7700 उम्मीदवार चुनाव लड़े-अदालतों के राजनीतिक व आपराधिक दबाव में आने की संभावना।

विश्व का पहला देश जहां न्यायिक पदों के लिए सीधे आम जनता ने वोट डाला-सिर्फ 13 पेर्सेंट वोटिंग दर्ज की गई।अदालत को लोकतांत्रिक बनाने सीधा आम जनता द्वारा चुनाव अनोखा विवादित व लोकतंत्र का मजाक है,न्यायिक व्यवस्था राजनीतिक अपराधिक व अयोग्य व्यक्तियों के हाथों में होगी।

# देश को समृद्ध और सुरक्षित बना रहा भाजपा का सशक्त नेतृत्वः हरीश

**वेलकम इंडिया**



**रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि भाजपा का सशक्त नेतृत्व भारत को समृद्ध और सुरक्षित देश बना रहा है। सिर्फ यही नहीं, बल्कि गरीबों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए भाजपा सरकार कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है। ऐसे में अब कार्यकताओं को गांव-गांव जाकर भाजपा के 11 वर्षों के कार्यकाल के साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना होगा।

भाजपा की ओर से केंद्र सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल में किए गए कार्यों के साथ ही सरकार की जनकल्याकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए जून माह में अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए बुधवार को भाजपा कार्यालय पर जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि हमारा देश, जिसकी आबादी का एक बड़ा हिस्सा गरीबी रेखा के नीचे जीवन व्यतीत करता है, वहां सरकार की यह जिम्मेदारी और बढ़ जाती है कि किस तरह से उनके जीवन स्तर को ऊंचा किया जाए। बीते 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने यही कार्य किया है। करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है। वहीं, आगामी तीन वर्षों में भारत से गरीबी पूरी तरह से मिटाने के लक्ष्य के साथ सरकार आगे बढ़ रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान योजना, किसान सम्मान निधि सहित तमाम योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि इन योजनाओं के बारे में न सिर्फ गांव-गांव जाकर ग्रामीणों को जानकारी देनी है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करना है कि गांव में कोई भी पात्र योजनाओं से वंचित न रहे। उन्होंने जून माह के इस अभियान के लिए सतनाम सिंह को कार्यक्रम संयोजक मनोनीत किया। इसके अतिरिक्त विकास दीक्षित, आकाश सक्सेना और प्रदीप गुप्ता को कार्यक्रम का सह संयोजक बनाया। इस अवसर पर जिला प्रभारी राजा वर्मा, पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल, राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन मोहन लाल सैनी, पूर्व जिलाध्यक्ष अभय गुप्ता, सुरेश गंगवार, सुभाष भटनागर, लक्ष्मी सैनी, मोहित सैनी, कुंवर बहादुर राजपूत आदि उपस्थित रहे।

# स्कूल की दीवार पर उर्दू में नाम लिखने का मामला, प्रधानाध्यापिका निलंबित

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



बिजनौर जनपद के नजीबाबाद तहसील के अंतर्गत साहनपुर के प्राथमिक विद्यालय (द्वितीय) की दीवार पर स्कूल का नाम हिंदी के साथ उर्दू में भी लिखे जाने पर विवाद खड़ा हो गया है। सोशल मीडिया पर तस्वीर वायरल होने के बाद शिक्षा विभाग ने इस पर संज्ञान लिया दीवार पर स्कूल का नाम एक ओर हिंदी में और दूसरी ओर उर्दू में लिखा गया था। मामले की सूचना मिलते ही बेसिक शिक्षा अधिकारी (इरअ) ने जांच के आदेश दिए। जांच के बाद विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रफत खान को निलंबित कर दिया गया है फिलहाल शिक्षा विभाग ने मामले की विस्तृत जांच के आदेश दे दिए हैं। यह देखा जा रहा है कि क्या नाम लिखवाने की प्रक्रिया में किसी सरकारी आदेश या नियम की अवहेलना हुई है। इसके आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

# ट्रक की टक्कर से किसान की दर्दनाक मौत



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर मंडावर क्षेत्र के गांव नारायणपुर में बुधवार सुबह एक दुखद हादसे में साइकिल सवार किसान भोपाल सिंह जिसकी उम्र (54 वर्ष) ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, भोपाल सिंह पुत्र परवीन सिंह सुबह अपने खेतों पर काम करने गए थे। वापस घर लौटते समय सुबह करीब 7:00 बजे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी साइकिल को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने थाना मंडावर पुलिस को सूचना दी सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंचे थाना अध्यक्ष राजकुमार सरोज ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने ट्रक और चालक को हिरासत में ले लिया है और मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस हादसे से गांव में शोक की लहर है। घर और परिवार वालों का रो रो के बुरा हाल

# विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत मूंगफली की खेती पर जोर

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**




**बिजनौर।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत खरीफ में तिलहनी फसल को बढ़ावा देने हेतु मूंगफली की की खेती को बढ़ावा देने हेतु मूंगफली की खेती की जानकारी दी गई। बताते चले कि अपने देश में खाद्य तेल अभी भी आयात करना पड़ रहा हैं, आयात पर निर्भरता कम करने के लिए भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार तिलहनी फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए प्रदर्शन, प्रशिक्षण कार्यक्रम को बढ़ावा दें रही हैं.इस कड़ी में कृषि बिज्ञान केंद्र ननगीना और कृषि विभाग बिजनौर इस वर्ष खरीफ में मूंगफली फसल पर प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन का कार्यक्रम आयोजित करने जा रहा है। इच्छुक किसान भाई प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन हेतु कृषि विज्ञानं केंद्र नगीना एवं कृषि विभाग बिजनौर से संपर्क करें।साथ ही उक्त कार्यक्रम में प्राकृतिक खेती, बासमती धान की खेती, पशुपालन, ब्रांड आधारित कृषि तकनीक, गन्ना उत्पादन तकनीक, मृदा परिक्षण एवं संतुलित उर्वरक प्रबंधन साथ ही सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया।अभियान के दौरान अन्यकई कई महत्वपूर्ण विषयों जैसे सब्जी अनुसंधान, जलवायु-अनुकूल फसल किस्में, जल संरक्षण तकनीक और एकीकृत कीट प्रबंधन तकनीक, पोषण उद्यान अपनाने और जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न चुनौतियों से लड़ने की भी जानकारी दी गई. किसानो द्वारा लाये गए गन्ने का निरिक्षण करके उसका समुचित इलाज भी बताया गया। टीम -1 में डॉ के के सिंह, डॉ शिवांगी , डॉ प्रमोद सिंह, एवं कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी, टीम -2 डॉ शकुंतला गुप्ता, डॉ पिंटू कुमार, डॉ रविन्द्र कुमार एवं कृषि विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, टीम-3 में डॉ प्रतिमा गुप्ता, डॉ भूपेंद्र कुमार, डॉ राजीव रंजन कृषि विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी हैं। जनपद स्तरीय अधिकारी आदित्य कुमार ने अपने बिषय से सम्बंधित साथ ही विभाग से सम्बंधित योजनाओं की जानकारी किसानो को दी। केशव कुमार ने खेत तालाब योजना के बारे में विस्तार से बताया। ब्लॉक मोहम्मद पुर देवमल के गाँव बाकरपुर गढ़ी,चांदपुर नवुबाद, सहजादपुर, पपावर, रतनपुर, पदमपुर, झलरी, धनोरा, मिजार्पुर महेशआदि गाँवो में किसानो से वार्ता की गई।

# पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना पटवाई का आकस्मिक निरीक्षण किया गया



**वेलकम इंडिया**

रामपुर पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा थाना पटवाई का किया गया आकस्मिक निरीक्षण एवं ज्येष्ठ दशहरा गंगा स्नान के पर्व पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत सुरक्षा प्रबन्धों के सम्बन्ध में कार्मिकों की गोष्ठी कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर एवं क्षेत्राधिकारी शाहबाद के साथ थाना पटवाई का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय पर बने अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, मालखाना रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर, फ्लाई शीट आदि एवं उनके रख रखाव, साफ-सफाई, उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टयों को चैक किया गया, साथ ही थाना परिसर में बने कम्प्यूटर कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, बैरक, भोजनालय, मालखाना आदि एवं विभिन्न पॉर्टल पर की जाने वाली फीडिंग का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये एवं ज्येष्ठ दशहरा गंगा स्नान के पर्व पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत सुरक्षा प्रबन्धों के सम्बन्ध में कार्मिकों की गोष्ठी कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा उपाध्यक्ष नरेश वत्स ने महापुरुषों के अपमान पर सख्त कानून की मांग की

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**धामपुर :** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नरेश वत्स ने माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को प्रेषित पत्र द्वारा मुख्यमंत्री जी से निवेदन कर देश के महापुरुषों के सम्मान एवं संस्कृति की रक्षा हेतु सख्त कानून बनाए जाने की मांग की है। वर्तमान समय में कुछ विकृत मानसिकता वाले लोग समाज के महापुरुषों और ऐतिहासिक प्रतीकों एवं संस्कृति के संबंध में आपत्तिजनक और अपमानजनक टिप्पणियां कर समाज की भावनाओं को आहत कर रहे हैं। यह न केवल हमारे संस्कारों और परंपराओं के विरुद्ध है, बल्कि समाज में वैमनस्य और घृणा फैलाने का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि देश के हर नागरिक का यह नैतिक और संवैधानिक कर्तव्य है कि वह किसी भी समाज या जाति के महापुरुषों का सम्मान करे। किसी भी महापुरुष के बारे में अपमानजनक टिप्पणी किसी को भी नहीं करनी चाहिए ऐसे में उन व्यक्तियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए जो इस मयार्दा का उल्लंघन करते हैं। जानबूझकर महापुरुषों को अपमानित करने का कार्य करते हैं। वत्स ने मुख्यमंत्री से अपील की है कि इस विषय में एक सख्त कानून बनाया जाए ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति किसी समाज विशेष या उसके महापुरुषों का अपमान न कर सके और सामाजिक सौहार्द बना रहे। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का यह कदम समाज में एकता, समरसता और सम्मानपूर्ण वातावरण बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।

# कीटनाशी दवा विक्रेता बिना रशीद के न बेचे दवा जिला कृषि रक्षा अधिकारी

**वेलकम इंडिया**



**असदुल्लाह सिद्दीकी उसका बाजार/सिद्धार्थनगर।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी विवेक दूबे ने जिले में चल रहे समस्त पंजीकृत कीटनाशी दवा विक्रेताओं को निर्देशित करते हुए कहा कि पंजीकृत कीटनाशी विक्रेता जिस कंपनी या फिर थोक विक्रेता से दवा ले रहे है तो बिना पक्की रशीद के दवा न रशीद लेकर ही दवा को अपने दुकान पर रखकर किसानों को दे। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि निरीक्षण कर्ता के द्वारा अगर बिल नहीं मिला तो कीटनाशी विक्रेताओं के ऊपर कार्यवाही भी की जा सकती है । दुकानदार किसान से दवा का अधिक मूल्य न ले जितना मूल्य रहे उतना ही ले । कहा कि स्टॉक रजिस्टर तथा सेल रजिस्टर कैश मेमो पूर्ण करके रखे ।जांच के दौरान अनियमितता पाई जाती है तो समस्त के विरुद्ध कीटनाशक अधिनियम 1968 एवं कीटनाशी अधिनियम 1971 में दिए गए प्राविधानों के अंतर्गत कठोरतम कार्यवाही की जाएगी।

# अंजुमन हसूल ए अदब नगीना की ओर से तरहई व गैर तरहई नशिस्त का किया आयोजन

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



जनपद बिजनौर नगीना ।अंजुमन हसूल ए अदब नगीना की ओर से तरहई व गैर तरहई नशिस्त का आयोजन नगर के मुहल्ला शाहजहीर स्थित जावेद अहमद के निवास स्थान पर किया गया,नशिस्त की सदारत उमरद्दीन सहर ने की जबकि निजामत मुहम्मद शाहिद नगीनवी ने की ।नशिस्त के आगाज में मौलवी इकरार अहमद साहिल मेवा नवादी ने बारगाहें रिसालत ने नातें पाक का नजराना पेश किया। गजलियात के दौर में इनाम मजीद शाद ने कहा-दिन कैसे उसकी फुरकत में गुजरे तुमसे कैसे कहूं/याद में उसकी रोते रोते हर दिन यारों गुजरा है' ।मुहम्मद असलम ने कहा-न जाने क्यों हमारा नाम/दुनिया मिटाना चाहती है दास्तां से ।मुहम्मद अशरफ बिजनौरी ने कहा-फितरत में अजल से रही हक गोई हमारी/खामोश रह न पाए जमाने के डर से हम' ।कारी मुहम्मद असलम सादिक मेवानवादी ने कहा-शौक से जिसको अपना रहबर चुन के संसद भेजा था/आज उसी के खौफ से सादिक सहमी सहमी जनता है' ।मुहम्मद यासीन रहबर ने कहा-वह इंसां खुश हुआ करता है जो मेहमां की आमद पर/तो दस्तरखान भर देता है मौला उसका बरकत से' ।मुहम्मद शाहिद नगीनवी ने कहा-खूबसूरत लोग कहते हैं उसे लेकिन मुझे/चांद से चेहरे पे उसके सादगी अच्छी लगी' ।शकील अहमद आदिल ने कहा-हर कदम पर खतरा गिर जाने का है/जिंदगी उस मोड़ पर अब आ गई' ।मौलवी इकरार साहिल ने कहा-महक जाते थे वो रस्ते बिलाशक/मेरे आका गुजरते थे जहां से' ।उमरदीन सहर ने कहा- मुसलमां खुद में तू पैदा तो कर ईमान की ताकत/सदा तो आज भी तेरी जमाने को हिला देगी' ।देर रात तक चली इस नशिस्त में शायरों ने वाह वाही लूटी अंजुमन ने इत्तेफाक राय से यह तय किया कि अंजुमन की ओर से तरहई नशिस्तों का सिलसिला 1998 से जारी था, जो अब मसरूफियात के पैशे नजर खत्म कर दिया गया।

# हर दिन पर्यावरण के लिये समर्पित करते हैंः मांगेराम चौहान

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

## डिप्टी कमिश्नर मांगेराम चौहान न केवल प्रशासनिक दायित्वों को कुशलता से निभा रहे हैं



**बिजनौर :** हर वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है, लेकिन कुछ लोग ऐसे होते हैं जो हर दिन को पर्यावरण के नाम करते हैं। ऐसे ही एक प्रेरणास्त्रोत हैं डिप्टी कमिश्नर मांगेराम चौहान, जिनकी पर्यावरण के प्रति निष्ठा और समर्पण उन्हें एक सच्चा 'पर्यावरण प्रेमी' बनाता है। डिप्टी कमिश्नर मांगेराम चौहान न केवल प्रशासनिक दायित्वों को कुशलता से निभा रहे हैं, बल्कि हर कदम पर पर्यावरण संरक्षण को भी प्राथमिकता दे रहे हैं। उनके कार्यकाल में हजारों पेड़ लगाए गए, सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता अभियानों को बढ़ावा मिला और जल-संरक्षण को लेकर ठोस योजनाएँ शुरू की गईं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान उनकी पहल पर ₹हर जन्मदिन, एक पौधा₹ अभियान को व्यापक जनसमर्थन मिला, जिसमें विद्यालयों, पंचायतों और आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसके अलावा उन्होंने प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र बनाने के लिए कई नवाचार किए और स्कूली बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष कार्यशालाएँ भी आयोजित कराईं। मांगेराम चौहान का मानना है कि ₹प्रकृति की रक्षा करना केवल सरकार का नहीं, हर नागरिक कर्तव्य है। जब हम प्रकृति को सहेजेंगे, तभी भविष्य सुरक्षित होगा। उनकी सादगी, संकल्प और सेवाभाव पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरक मिसाल है।इस पर्यावरण दिवस पर हमें मांगेराम चौहान जैसे अधिकारियों से प्रेरणा लेकर न सिर्फ प्रकृति से प्रेम करना है, बल्कि उसे बचाने के लिए कार्य भी करने हैं।

# उपमुख्यमंत्री ने कोरोना काल में निस्वार्थ स्वास्थ्य सेवाएं देने वाले डॉक्टर पराग शर्मा को किया सम्मानित

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**

हापुड़/उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के द्वारा लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कोरोना काल में संक्रमित मरीजों को निशुल्क ऑक्सीजन एवं विशेष स्वास्थ्य सेवाएं उत्कृष्ट प्रदान करने को लेकर हापुड़ का नाम रोशन करने वाले आरोग्य अस्पताल के चिकित्सक डॉक्टर पराग शर्मा को सम्मानित किया गया। आपको बता दें कि हापुड़ में विशेष स्वास्थ्य सेवाएं देने को लेकर हमारे प्रेरणादायक स्त्रोत रीढ की हड्डी कहे जाने वाले आरोग्य अस्पताल के चिकित्सक डॉक्टर पराग शर्मा के द्वारा कोरोना काल में विशेष स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने को लेकर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के द्वारा लखनऊ में आयोजित एक भव्य समारोह के दौरान सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान विशेष स्वास्थ्य सेवाएं देने को कॉविड जैसी महामारी के दौरान संक्रमित मरीज को निस्वार्थ ऑक्सीजन एवं अन्य स्वास्थ्य सेवाएं देने के साथ आदित्य कार्यों के लिए प्रदान किया गया है।

# एआईजे ने किया मिसेज एशिया विजयता सचदेवा का सम्मान

**वेलकम इंडिया**

**वाराणसी।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर इण्डियन एसोसिएशन ऑफ जनर्लिस्ट (आईएजे) एवं सामाजिक विज्ञान विभाग, सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी के पाणिनि भवन सभागार में राष्ट्रीय संगोष्ठी विकसित भारत के विकास में मीडिया की भूमिका विषयक संगोष्ठी सम्पन्न हुआ।

समारोह की अध्यक्षता प्रो बिहारी लाल शर्मा (कुलपति, सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी) ने की। तथा समारोह के मुख्य अतिथि पद्मश्री पंडित गणेश्वर शास्त्री द्राविड़, विशिष्ट अतिथि श्री राजेश गौतम (निदेशक, आकाशवाणी वाराणसी) रहे। समारोह अध्यक्ष, मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि व आईएजे राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मां सरस्वती को माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रीय संगोष्ठी,



व 30 वां राष्ट्रीय अलंकरण काशीरत्नच्/ शान ए काशी 2025 का शुभारंभ किया। मंगलाचरण पूजा पंड्या, स्वागत सामाजिक विज्ञान विभाग विभागाध्यक्ष प्रो 0 शैलेश मिश्रा संचालन डॉक्टर अनुपम गुप्ता संयोजन इस मोतीलाल गुप्ता धन्यवाद प्रकाश डॉक्टर कैलाश सिंह विकास ने किया गया गया जहां वाराणसी की जानी मानी हस्ती और यूपी की शान काशीरत्न व काशीगौरव अलंकार से सम्मानित मिसेज एशिया विजयता सचदेवा जी को आईएजे की चयन समिति की सदस्यता के लिए चुना जहां माल्याअर्पण कर आईएजे नागरिक अभिनन्दन 2025 चयन समिति सदस्यगगण पद सम्मान से सम्मानित किया गया जहां मिसेज एशिया सहित अन्य सम्मानित जनों में इंजिनियर रामनरेश नरेश।

समारोह में हृदय नारायण व्दिवेदी,प्रो राजनाथ, श्रीमती विजयता सचदेवा, जियाउद्दीन फारूकी एडवोकेट, श्रीमती गीता राय,डा तुलसी दास मिश्र, अर्जुन सिंह, आशीर्वाद सिंह, मोहम्मद दाउद, रामनरेश नरेश, आंनद कुमार सिंह, अरविंद कुमार विश्वकर्मा, जफरुद्दीन फारूकी, डा सुबाष चंद्र, विनय कुमार श्रीवास्तव, विक्की वर्मा, राजू वर्मा ,अमित कुमार पांडेय, संजय पाण्डेय राधा सेठ ,विक्रम कुमार, तेजस कुमार सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित ज्ञापन सोपा

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



बिजनौर उत्तर प्रदेश में बिजली के निजीकरण के विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा ने जिला अधिकारी कार्यालय बिजनौर पर पहुंचकर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित ज्ञापन सोपाअखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष कामरेड शमशाद हुसैन के नेतृत्व में दोपहर 12:00 बजे प्रतिनिधिमंडल जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचा जहां मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया गया ज्ञापन में कहा गया है उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बिजली के निजीकरण का फैसला किसान ही नहीं तमाम मेहनत का जनता के खिलाफ है खुद बिजली कर्मचारी लंबे समय से इसके खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं देश में हर जगह किए गए बिजली के निजीकरण ने भारी घाटा पहुंचा है इससे बिजली बेहद महंगी हुई है और बिजली उत्पादन और वितरण का देश कीमती ढांचा निजी कंपनियों के कब्जे में चला गया जिन राज्यों में बिजली नीति कंपनियों के हाथों में है वहां की दर 17 रुपए प्रति यूनिट तक है उत्तर प्रदेश में ही सन 2009 में आगरा में बिजली वितरण टॉरेंट को दिया गया था सन 2023 24 में टॉरेंट को पावर कॉरपोरेशन ने 4.36 रुपए प्रति यूनिट की रियायत दर पर बिजली सप्लाई की जिसे वह खुद 5.55 रुपए प्रति यूनिट की दर से खरीद रही थी जिसमें उसे 275 करोड रुपए का सालाना घाटा हुआ टॉरेंट यही बिजली उपभोक्ताओं को 7.98 रुपए प्रति यूनिट की दर से बची और 800 करोड रुपए का लाभ कमाया विगत 14 वर्षों में टॉरेंट के कारण पावर कारपोरेशन को ?2434 करोड रुपए का नुकसान हुआ इसके अलावा टॉरेंट ने 2200 करोड रुपए का पिछला बकाया भी आगरा में वसूला यह निजीकरण ने किया जाता तो कॉरपोरेशन 7000 करोड रुपए कमा सकता था बिजली जनता की संपत्ति है क्योंकि यह जनता के प्राकृतिक संसाधनों से पैदा की जाती है यह हमसे छीने जाते हैं।

# दस्तावेजों की हेरा फेरी करने पर फाइनेंस कंपनी सहित कर्मचारियों पर मुकदमा दर्जी

**वेलकम इंडिया**

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** फर्जी दस्तावेज के आधार पर मोटर साइकिल पर लोन लेने के मामले में पीडित ने न्यायालय की शरण लेकर संस्था व फाइनेंस कम्पनी के मैनेजर के साथ अन्य लोगों पर अभियोग पंजीकृत कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कैराना थाना क्षेत्र के गांव झाडखेडी निवासी नबाब अली पुत्र उमरदीन ने बताया कि उनके खाते से फरवरी माह में 3532 रूपए की किस्त काटी गई तो उसने अपने कैराना स्थित पंजाब नेशनल बैंक शाखा से सम्पर्क किया तो उसे पता चला कि कांधला स्थित रूद ऑटो मोबाइल से उसने नाम से फाइनेंस की बाइक ली गई है। जिसकी यह किस्त कटी है। जानकारी के बाद जब उसे रूद्र ऑटो मोबाइल के मैनेजर से सम्पर्क किया तथा वहां जमा कागजों का अवलोकन किया तो किसी ने उसके नाम पर कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर बाइक को फाइनेंस कराया हुआ था। जबकि दस्तावेजों में उसके फोटों के स्थान पर अन्य व्यक्ति का फोटो लगा हुआ था। पीडित का आरोप है कि जब उसने मामले में संस्था के मैनेजर से शिकायत की तो उन्होंने कोई भी कार्यवाही करने से मना कर दिया। जिसके बाद उसने थाना कांधला में शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की, लेकिन उसकी वहां भी कोई भी सुनवाई नही हुई बाद में पीडित ने न्यायलय की शरण लेकर रूद्र ऑटो मोबाइल के मैनेजर के साथ - साथ अक्षय चौहान पुत्र जगरूप सिंह ग्राम तुगाना छपरौली जनपद बागपत, प्रवीण शर्मा श्रीराम फाइनेंस कम्पनी मैनेजर बडौत बागपत के साथ तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ न्यायालय की शरण लेकर अभियोग पंजीकृत कराया है।

# जे.एम.एस.आई.टी. गाज़ियाबाद में शुरू हुए बी.बी.ए., बी.सी.ए. और बी.टेक एडवांस कोर्सेस छात्रों को मिलेंगे उद्योग-उन्मुख प्रशिक्षण और सुनहरे रोजगार के अवसर

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा वरिष्ठ पत्रकार**

गाज़ियाबाद स्थित जे.एम.एस. इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (जे.एम.एस.आई.टी.) ने क्रोमा कैंपस के साथ एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक समझौता (टडव) करते हुए बी.बी.ए. एडवांस, बी.सी.ए. एडवांस और बी.टेक एडवांस जैसे करियर-केंद्रित पाठ्यक्रमों की शुरूआत की है। इस एमओयू के माध्यम से संस्थान के विद्यार्थियों को ना केवल परंपरागत शिक्षा बल्कि उद्योग की मांग के अनुसार डिजाइन किए गए अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी-आधारित प्रशिक्षण प्राप्त होंगे, जिससे उनके लिए सरकारी और निजी क्षेत्र दोनों में रोजगार के नए द्वार खुलेंगे।यह पहल आधुनिक युग की सबसे क्रांतिकारी तकनीक –



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक), मशीन लर्निंग, डेटा एनालिटिक्स, साइबर सिक्योरिटी और क्लाउड कंप्यूटिंग – को पाठ्यक्रमों में एकीकृत करती है। छात्रों को न केवल इन विषयों में सैद्धांतिक ज्ञान मिलेगा, बल्कि उन्हें उद्योग विशेषज्ञों से लाइव प्रोजेक्ट्स, वर्कशॉप्स, इंटर्नशिप और केस स्टडीज के जरिए व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त होगा। इससे छात्र वैश्विक प्रतिस्पर्धा में सक्षम बनेंगे और उन्हें उच्च गुणवत्ता वाली नौकरियों के लिए प्राथमिकता दी जाएगी।जे.एम.एस.आई.टी. गाज़ियाबाद के महा सचिव डॉ. हिमांशु सिंहल ने इस अवसर पर कहा कि, ₹आज के समय में तकनीक अत्यंत तीव्र गति से बदल रही है, और ऐसे में शिक्षण संस्थानों का यह दायित्व बनता है कि वे छात्रों को नवीनतम ज्ञान और कौशल प्रदान करें। क्रोमा कैंपस के साथ हमारा यह गठबंधन छात्रों के तकनीकी एवं व्यवहारिक विकास के साथ-साथ उनकी रोजगार-योग्यता में अभूतपूर्व वृद्धि करेगा। साथ ही, यह सहयोग शिक्षकों एवं स्टाफ की कार्यकुशलता और प्रशिक्षण गुणवत्ता में भी सुधार लाएगा।₹संस्थान के प्राचार्य, प्रोफेसर (डॉ.) प्रवीण गुप्ता ने इस समझौते को एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा,₹ जे.एम.एस.आई.टी. द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में की जा रही प्रगतिशील पहलों में यह एक और महत्वपूर्ण कदम है। यह एमओयू केवल पाठ्यक्रमों को सशक्त करने का ही माध्यम नहीं, बल्कि छात्रों के समग्र विकास के लिए एक ठोस आधार भी है। इससे संस्थान की संरचना, प्रशिक्षण प्रक्रिया और प्लेसमेंट क्षमताओं को एक नई दिशा मिलेगी।

# बुलेट बाइक पर विवाद, दो पक्षों के बीच मारपीट व पथराव दो घायल



**वेलकम इंडिया**

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** कस्बे के मोहल्ला खेल में एक युवक के द्वारा अपनी बुलेट बाइक से पटाखा छोड़ने पर दो पक्षों के बीच कहासुनी होने के बाद मारपीट वह पत्थरबाजी हो गई मारपीट में दो युवक घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते हुए दोनों पक्षों के कई लोगों को हिरासत में लिया है पुलिस जांच में जुटी हुई है। कस्बे के मोहल्ला खेल में अकबर एवं शकील दोनों पड़ोसी हैं अखबार ने अपने घर में परचून की दुकान खोल रखी है। आरोप है कि शकील का पुत्र सौयब बुधवार को अपनी बुलेट बाइक से पटाखा छोड़ रहा था। आरोप है कि तभी अकबर के पुत्र गुलजार ने बुलेट बाइक से पटाखा छोड़ने का विरोध किया जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। कहासुनी होने के बाद दोनों पक्षों के लोग एक दूसरे के आमने-सामने आ गए और दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई मारपीट में लाठी-डंडे व पथराव हुआ। मारपीट के दौरान किसी व्यक्ति ने वीडियो अपने मोबाइल में कैद कर ली। झगड़े की सूचना पर पहुंची पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते हुए दोनों पक्षों के कई लोगों को हिरासत में लिया है।

# डीएम ने ज्येष्ठ गंगा स्नान दशहरा मेले में की व्यवस्थाएं खुद संभाली

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**

**हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर/**जनपद की तीर्थ नगरी ब्रजघाट में 5 जून को आयोजित होने वाले ज्येष्ठ गंगा स्नान दशहरे पर श्रद्धालुओं की आस्था का उमड़ेगा का जनसैलाब। श्रद्धालुओं के आस्था के महाकुंभ मेले में लगभग 10 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। जिसको लेकर जिला प्रशासन ऐड़ी चोटी का जोर लगाते हुए अलर्ट नजर आ रहा है। यहां तक की साफ सफाई की व्यवस्था को लेकर जिला अधिकारी अभिषेक पांडे खुद कमान संभालते हुए नजर आ रहे हैं। जिसके चलते नगर पालिका, स्वास्थ्य विभाग और स्वच्छता कर्मियों की टीम को निर्देशित किया



गया कि घाट,वस्त्र चेंजिंग रूम, मोबाइल टॉयलेट,आदि की साफ सफाई नियमित रूप से की जाए और जहां आवश्यकता हो वहां अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित की जाए साथ ही जिलाधिकारी अभिषेक पांडे ने स्थानीय लोगों एवं स्वयं समाजसेवी संस्थाओं से भी श्रद्धालुओं की आस्था के इस महाकुंभ ज्येष्ठ गंगा स्नान के महापर्व आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की है।

# मकान हड़पने के लिए बुजुर्ग पिता से मारपीट करता था बेटा, सीएम मैडम की जानता दरबार में इंसाफ के लिए लगाया अर्जी

**एहसान अंसारी**

**नई दिल्ली:** दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता अपने शालीमार बाग निवास जन सुनवाई में फरीदाबाद थाना क्षेत्र से एक बुजुर्ग अपने बेटे की शिकायत लेकर पहुंचा, बुर्जुग ने सीएम रेखा गुप्ता से इंसाफ की मांग की सीएम रेखा गुप्ता ने बुजुर्ग आदमी की शिकायत सुनकर काफी गुस्सा हो गई तुंरत फरीदाबाद क्षेत्र डीसीपी को फोन करके कड़ी कार्रवाई के लिए आदेश दी। बुर्जुग आदमी का आरोप हैं उनके दो बेटे है एक बेटा उनके साथ मारपीट करता है उनके मकान को हड़पने के लिए। सीएम रेखा गुप्ता ने आदेश दिया कि उनके बेटे पर कड़ी कार्रवाई करे उनके बेटे को पता चलना चाहिए कि वो क्या गुनाह किया है डीसीपी साहब को आदेश दिया उनके बेटे आज के बाद वो मकान में घुस नहीं



पाए।समाज में ऐसे घटना दिल्ली सरकार बर्दाश्त नहीं करेगी। जो भी अपने बुजुर्ग माता पिता के साथ मारपीट या गलत व्यवहार करेगा तो दिल्ली सरकार बर्दाश्त नहीं करेगी उस पर एक्शन लिया जाएगा। मां बाप की सेवा करे जायदाद के लिए उनके साथ गलत व्यवहार ना करे।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार किरयाना व्यापारी घायल

**वेलकम इंडिया**

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** थाना क्षेत्र के एलम बाईपास मार्ग पर अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक बाइक सवार किरयाना व्यापारी गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची डायल 108 एंबुलेंस के द्वारा घायल को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। नगर के मोहल्ला रायजादगान निवासी बृजेश कुमार कस्बे के आर्य समाज मंदिर के समीप किरयाना की दुकान कर अपना व अपने परिवार का पालन पोषण करता है। व्यापारी बृजेश परचून की दुकान के साथ-साथ नगर एवं क्षेत्र के अन्य दुकानदारों को भी होलसेल में



सामान की सप्लाई करता है। बुधवार को व्यापारी अपनी बाइक पर सवार होकर कस्बा एलम निवासी एक परचून दुकानदार को सामान सप्लाई करने के लिए गया हुआ था। बाइक सवार व्यापारी जैसे ही सामान देकर वापस कस्बे में लौट रहा था तो एलम बाईपास मार्ग पर दिल्ली की ओर से आए तेज गति से अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में लेकर टक्कर मार दी। अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार व्यापारी गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर आसपास के दर्जनों राहगीर जमा हो गए।

# सैकड़ो किसानों ने पंकज धवरैय्या के नेतृत्व में डीएम से की मुलाकात, चकबंदी रुकवाने की मांग

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**

**हाथरस।** बसई बावस में चकबंदी विभाग के द्वारा चकबंदी की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिसका ग्रामीणों के द्वारा लगातार विरोध किया जा रहा है। उनका कहना है कि वह अपने चकों से संतुष्ट हैं उन्हें गांव में चकबंदी नहीं चाहिए, उनके ऊपर जबरन चकबंदी थोपी जा रही है। जिसको लेकर काफी समय से किसान आंदोलनरत है। पूर्व में पंकज धवरैय्या द्वारा 20 फरवरी को ग्राम पंचायत की वोटिंग के आधार पर चकबंदी केंसल करने की रिपोर्टः शासन को भेजी थी। इसी एडीएम एवं एसओसी के आश्वाशन पर अनिश्चित कालीन धरने को स्थगित कर दिया गया था। परंतु



रिपोर्ट नहीं भेजी गई। जिसके चलते चकबंदी रोकने एवं गाँव में वोटिंग कर चकबंदी प्रक्रिया को निरस्त की रिपोर्टः शासन को भेजी जाय। अन्यथा एक हफ्ते बाद प्रदेश के सभी किसान संगठनों का आहवान कर डीएम के समक्ष अनिश्चित कालीन धरने की घोषणा होगी। जिस पर बुधवार सैकड़ो किसान राष्ट्रीय सवर्ण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज धवरैय्या के पास पहुंचे। उसके बाद पंकज धवरैय्या के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पर जिलाधिकारी से मुलाकात की। जहां किसानों व राष्ट्रीय सवर्ण परिषद अध्यक्ष की अधिकारियों से नोकझोंक हुई तो जिला अधिकारी अपर जिलाधिकारी चकबंदी अधिकारी के समक्ष 1 घंटे वार्ता हुई नोकझोंक की स्थित बनी रही। जिस पर जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने पंकज धवरैय्या की किसानों के लिय? मांगों को स्वीकार किया। आश्वाशन दिया अब वोटिंग के बाद ही कोई प्रक्रिया होगी। दों दिन बाद एसडीएम वोटिंग कराएंगे रिपोर्टः भेजेंगे। जिसके बाद सेंकड़ों किसान एवं महिलाएं जिलाधिकारी राहुल पांडे एवं पंकज धवरैय्या के जयकारे लगाते हुए वापस चले आये। मौके पर संगठन नगर अध्यक्ष सन्दीप तिवारी नगर उपाध्यक्ष कप्तान बघेल जिला उपाध्यक्ष गौरव उपाध्याय जिला मंत्री अर्जुन प्रजापति अन्य सेंकड़ों किसान मौजूद रहे।

# विधायक विनय वर्मा ने विधायक निधि से बनने वाले कालेज के बरामदा निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

**वेलकम इंडिया**

**तुलसियापुर/सिद्धार्थनगर।** बढ़नी ब्लाक के तुलसियापुर चौराहे पर स्थित पं.बाबूराम शुक्ल विद्या मंदिर इंटर कालेज में बुधवार को मेधावी छात्र-छात्राओं को क्षेत्रीय विधायक ने सम्मानित किया।इस दौरान उन्होंने विधायक निधि से बनने वाले बरामदा कार्य का भूमि-पूजन व शिलान्यास भी किया।इस दौरान उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए वह हमेशा प्रयासरत रहते हैं। शिक्षा,स्वास्थ्य,सड़क समेत सभी




बुनियादी सुविधाओं के लिए वह मेहनत कर रहते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय के विकास के लिए जितना भी प्रयास होगा मैं करुंगा। विद्यालय में अभी 17 लाख 50 हजार रुपए की लागत से विधायक निधि से बरामदा निर्माण कार्य होना है। पचपेड़वा ब्लाक प्रमुख मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि शोहरतगढ़ विधायक हमेशा ईमानदारी से क्षेत्र की जनता की भलाई के लिए अधिकारियों से लड़ते रहते हैं। इस दौरान प्रबंधक अनुपम शुक्ल,प्रधानाचार्य रवि शुक्ल,प्रदीप कमलापुरी, रामदास मौर्य,मयंक शुक्ल,अजय वरुण,विनय शुक्ल, विजय पाठक,जगदंबा चौबे, आशाराम, धन्नजय पाठक आदि मौजूद रहे।

# एसपी ने समस्त पुरुष-महिला बीट कार्य प्रणाली को और बेहतर के लिए आरक्षियों के साथ की गोष्ठी

वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार



**हाथरस।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा बीट कार्य प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु पुलिस कार्यालय स्थित सभागार कक्ष में जनपद के समस्त थानों से आये बीट आरक्षियों के साथ गोष्ठी कर बीट प्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई । गोष्ठी के दौरान निरीक्षक मुकेश बाबू (रीडर पुलिस अधीक्षक), निरीक्षक नीतू सिंह, प्रभारी महिला सहायता प्रकोष्ठ एवं जनपद के समस्त थानों के पुरूष/महिला बीट मु0आरक्षी-आरक्षीगण मौजूद रहे । पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया कि सभी पुरूष-महिला बीट पुलिस अधिकारी द्वारा प्रत्येक फरियादियों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक से सुना जाए एवं उनसे सौम्य व्यवहार कर उनकी शिकायत-समस्या का समाधान अविलम्ब किया जाना चाहिए । बीट कार्य प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु समस्त क्षेत्राधिकारीगण को प्रतिदिन अपने-अपने सर्किल के थानों में नियुक्त दो-दो बीट आरक्षियों की बीट बुक चैक करने हेतु निर्देशित किया गया । इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त थानों में नियुक्त बीट आरक्षियों के साथ मीटिंग कर बीट प्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए उनके द्वारा किये जाने वाले कार्यों के बारे बताया गया तथा प्रारूप बी और प्रारूप सी पूर्ण करने एवं क्षेत्र में होने वाले विवादों को जीडी में अंकित कराने हेतु निर्देशित किया गया । समस्त बीट आरक्षी/महिला बीट आरक्षियों को निर्देशित किया गया कि महिलाओं-बालिकाओं मे सुरक्षा एवं विश्वास, महिलाओं से सम्बन्धित होने वाले अपराधों के बारे में अपने बीट क्षेत्र में जागरूक करें व छात्राओं-महिलाओं को उनके सुरक्षार्थ व सहायता हेतु शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों जैसे- 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076 झमुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइ?, 102-स्वास्थ्य सेवा के सम्बन्ध में पम्पलेट वितरित कर जागरूक करने तथा थानो पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर उन्हे जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया ।

# नीलांश का दावा तिरंगा का कोई भी आरोप नही हुआ प्रमाणित

वेलकम इंडिया

ब्लैक मेल कर बड़े व्यापारियों से जबरन लाभ लेने के मामले प्रकाश में आ रहे है। अभी लखनऊ विकास प्राधिकरण में दबाव की राजनीति करने वालो के नाम उजागर हुये ही थे कि एक और मामला प्रकाश में आया है। कई वर्षों से नीलांश ग्रुप पर अनर्गल आरोप लगाने वाले दीपक शुक्ला की असिलियत खुलती नजर आ रही है। उनके द्वारा कंपनी डायरेक्टर पर लगाये गये सभी आरोप झूठे व गलत साबित हो रहे है। नीलांश ग्रुप के संदीप श्रीवास्तव ने बताया कि अपने को क्रांतिकारी तिरंगा महाराज कहलाने वाले इस ब्लेकमेलर की पोल तब खुली जब उसने आरोप लगाया कि किसान की मौत भुखमरी व इलाज के बिना ही हो गई क्योंकि उसकी जमीन नीलांश ने जबरन कब्जा कर रखी है, नीलांश द्वारा इस आरोप को जब चेक किया गया तो मालूम पड़ा कि मृतक किसान व उसके परिवार द्वारा पूर्व में ही अपनी जमीन नीलांश को बेची जा चुकी है, किसानों द्वारा नीलांश को जमीन बेचने के बाद तिरंगा ने फजीर्बाड़ा के माध्यम से उसी के पूर्व में बेची गयी जमीन की फर्जी खतौनी तैयार कराके कई बैंको से लोन दिलवाया और उसका बटवारा कर लिया जिसकी एफ.आई.आर. नं-0280 थाना माल में नीलांश द्वारा दर्ज करायी जा चुकी है। दूसरा आरोप लगया की नीलांश द्वारा ग्राम सभा में मौजूद सैकडों बीधा सरकारी जमीनो को कब्जा कर लिया गया है जबकी पूरे ग्राम समाज में ही सैकड़ों घीधा सरकारी जमीन नहीं है फिर भी नीलांश में पड़ने वाली ग्राम समाज की सभी नवीन परती व बंजर भूमि का विनिमय नियमानुसार कई वर्षों पूर्व मे ही कराया जा चुका है। नीलांश में कोई चक रोड, चारागाह, खलीहान की जमीन मौजूद नहीं है। एक तालाब जिसका पट्टा सरकार द्वारा ग्राम सभा के ही व्यक्ति को किया जा चुका है. इसके अतिरिक्त जो भी सरकारी भूमि नदी व तालाब के नाम से नीलांश में मौजूद है उस पर सरकारी बोर्ड लगा है एवं वह खाली पड़ी है जिस जमीन पर मलीहाबाद व बक्शी के तालाब की ओवर लैपिंग है, उसकी रजिस्ट्री, दाखिल-खारिज नीलांश द्वारा वर्षों पूर्व ही कराई जा चुकी है। उसने आरोप लगया की नीलांश द्वारा नदी की जमीन पर दीवार खड़ी करके कब्जा कर लिया गया है। जबकि नीलांश द्वारा अपनी क्रय की गई भूमि पर कटान से बचने के लिए प्रोटेक्शन वाल बनाई गई है जो की नीलांश की भूमि के लेबल में ही है जो किसी प्रकार से अवैध नहीं है। अपने को समाजसेवी बताने वाले इस दीपक शुक्ला ने नीलांश की पार्किंग लेने के लिए नीलांश को एप्रोच किया, मना हो जाने पर इसने अलग-अलग पार्टी के नेताओ व प्रभावशाली लोगो द्वारा नीलांश की पार्किंग देने का दबाव बनाया किन्तु उसे सब में असफलता मिली तो उसने यह परेशान करने के लिये कदम उठाये।

# निजी वाहन को व्यवसायिक रूप से चलने नहीं दिया जाएगा:- परिवहन आयुक्त



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार 30 मई 25 द्वारा दिए गए निदेर्शों के अनुपालन में 1 जून से 15 जून तक व्यवसायिक वाहन के रूप में प्रयोग किए जाने वाले निजी वाहनों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत 1 जून से 4 जून तक 21 निजी वाहनों के व्यावसायिक प्रयोग किए जाने पर चालान कर जनपद के विभिन्न स्थानों में निरुद्ध किया गया है। साथ ही इन वाहनों पर 5.95 लाख का जुमार्ना किया गया है। इसके अलावा दो अपंजीकृत ई-रिक्शाओं को चालान कर चौकी मंडी में सीज किया गया एवं इन वाहनों पर 0.17 लाख का जुमार्ना किया गया है। यह अभियान 15 जून तक निरंतर संचालित किया जाता रहेगा। प्रदेश सरकार के मंशानुरूप ऐसे किसी भी निजी वाहन को व्यवसायिक रूप में सड़कों पर किसी भी कीमत पर चलने नहीं दिया जाएगा यह अभियान अधिकारियों की निगरानी में तिथि तक अनवरतरूप से चलता रहेगा।

# ताज क्रिकेट क्लब ने मैच जीतकर अगले राउंड में किया प्रवेश

वेलकम इंडिया



**टाण्डा जिला रामपुर।** मंसब अली स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेले जा रहे स्वर्गीय जफर इकबाल, मुहम्मद आलम, मंसूर अख्तर, मास्टर सगीर मैमोरियल नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट में ताज क्रिकेट क्लब और बिलाल रंगीला क्रिकेट क्लब के बीच खेले गए मैच में ताज क्रिकेट क्लब ने 8 विकेट से शानदार जीत दर्ज की। बिलाल रंगीला क्लब के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बिलाल रंगीला क्लब ने निर्धारित 16 ओवर में 9 विकेट खोकर 95 रन बनाए। नदीम ने 20 रन, ओसामा ने 18 रन और यावर ने 17 रन बनाए। ताज क्लब के गेंदबाज विकास कोहली ने 4 विकेट लिए। 96 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए ताज क्लब ने 9.4 ओवर में 2 विकेट खोकर 97 रन बनाए। विकास कोहली ने नाबाद 69 रन और अमित रावत ने 13 रन बनाए। ताज क्लब ने 8 विकेट से मैच जीतकर अगले राउंड में प्रवेश कर लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार ताज क्लब के विकास कोहली को आल राउंडर प्रदर्शन के लिए कमेटी अध्यक्ष द्वारा दिया गया। कमेंटेटर मुहम्मद सईद सागर, मुहम्मद इरफान, जहीर जिया और अब्दुल रज्जाक रहे। स्कोरर नदीम गोरे तथा ऑनलाइन स्कोरर मौलाना जुनैद और आकिब गुल रहे। अंपायरिंग अब्दुल और इफ्तिखार शेखू ने की। यूट्यूब द्वारा लाइव प्रसारण नाजिम अली द्वारा किया गया। टूनार्मेंट कमेटी के सदस्य हाजी सरफराज, हाजी जुल्फिकार, हाजी मुबीन आदि उपस्थित रहे।

# आगामी त्यौहारों को लेकर पुलिस ने किया पैदल मार्च



वेलकम इंडिया

बुलंदशहर बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सहायक पुलिस अधीक्षक ऋजुल द्वारा आगामी त्यौहारो(ईद, गंगा स्नान आदि) व जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत आम जनमानस में सुरक्षा के भाव को सदृढ़ करने के लिए थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत पुलिस-फोर्स के साथ पैदल मार्च किया गया। आम जनमानस को यातायात नियमो के बारे में जागरुक किया गया साथ ही यातायात व्यवस्था को सुदृढ करने के उद्देश्य से सड़क किनारे हो रहे अतिक्रमण को हटवाया गया तथा लोगो से अनुरोध किया गया कि शांति एवं कानून व्यवस्था, सांप्रदायिक सौहार्द बनाये रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें, असामाजिक तत्वों तथा किसी भी प्रकार की अफवाह व उन्माद फैलाने वालों के बारे में तत्काल 112 नम्बर अथवा संबंधित थाना प्रभारी को सूचित करें। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर उपस्थित रहें।

# दबंगों ने की विद्युतकर्मियों से मारपीट ,दी गोली मारने की धमकी

वेलकम इंडिया




**औरंगाबाद/बुलंदशहर।** दबंगों ने विद्युत कर्मचारियों को जबरन रोक कर पहले अपनी समस्या समाधान करने की मांग करते हुए बंधक बना लिया। मौके पर पहुंचे जूनियर इंजीनियर के साथ बदसलूकी करते हुए मारपीट शुरू कर दी। मौके पर मौजूद स्टाफ ने जे ई को बचाया। शिकायत दर्ज कराने पर गोली मारने की धमकी देते हुए हमलावर भाग निकले। जे ई ने थाने पर लिखित तहरीर देकर तीन को नामजद करते हुए चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। मामला दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों को तलाशा। सभी आरोपी फरार होने में कामयाब रहे।

पवसरा बिजली घर पर तैनात जूनियर इंजीनियर सहदेव राम ने लिखित तहरीर देकर पुलिस को अवगत कराया है कि पवसरा बिजली घर पर कार्यरत संविदा कर्मी चंद्र सेन, जयदीप ललित राजेश गौरव और नीरज सोमवार दोपहर विद्युत लाइन पर काम करने जा रहे थे। मंडके बाबा मंदिर के समीप गांव जिताका के कुछ दबंगों ने जबरन रोक कर उन्हें बंधक बना कर उनके उपकरण व अन्य सामान छीन लिया। उन्होने कहा कि पहले हमारी समस्या हल होगी उसके बाद ही कहीं कोई काम होगा। मामले की जानकारी मिलते ही जे ई सहदेव राम अपने साथ टी जी टू मनोज कुमार को साथ लेकर मौके पर पहुंचे तो दबंगों ने मोटरसाइकिल की चाभी छीन कर जबरन रोक कर मारपीट शुरू कर दी। मौके पर मौजूद स्टाफ ने हमलावरों से जे ई को बचाया। जे ई की तहरीर पर पुलिस ने ईश्वर व रकमसिंह पुत्र बालक राम निवासी जिताका, कौशिंदर पुत्र रामेश्वर निवासी जनपद बुलंदशहर तथा एक अज्ञात पर सरकारी काम में बाधा डालने आदि की गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया। आरोपियों को पुलिस ने तलाशा , सभी आरोपी फरार होने में कामयाब रहे।

# बाइक सवारों को बस ने मारी टक्कर, एक की मौत



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** देहात कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर आईपी कॉलेज के निकट बाइक सवार दो युवकों को बस ने टक्कर मार दी। दोनों को पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने एक को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। हाथरस के मोहल्ला सहाबुद्दीन निवासी इंतजार (25) और मुजाहिद (20) बाइक पर सवार होकर सिकंदराबाद की ओर से हाथरस जा रहे थे। कोतवाली देहात क्षेत्र में आईपी० डिग्री कॉलेज के पास निजी बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक बस को मौके पर छोड़कर भाग गया। पुलिस ने शव को मोर्चरी में भेज दिया है। घायल को चिंताजनक हालत में उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। अभी तक घायल को होश नहीं आया है। कोतवाली देहात प्रभारी निरीक्षक नीरज मलिक ने बताया कि बस को कब्जे में लिया गया है।

# बदलते मौसम में नजला,खांसी व पेट की बीमारियों के बढ़े मरीज

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर।** भीषण गर्मी, उमस और बारिश के चलते बच्चों और बुजुर्गों में बीमारियों के मामले बढ़ रहे हैं। फ्लू, तेज जुकाम, बदन दर्द और बुखार जैसी समस्याएं आम हो गई हैं। जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ी है। भीषण गर्मी, उमस, बारिश और तापमान में उतार-चढ़ाव का दौर चल रहा। मौसम का मिजाज बच्चों के साथ युवा और बुजुर्गों पर भारी पड़ रहा है। फ्लू के साथ तेज जुकाम, बदन दर्द और खांसी के मामले बढ़ गए हैं। 14 साल तक के बच्चे और बुजुर्ग ज्यादा चपेट में आ रहे हैं। निजी और सरकारी अस्पतालों की ओपीडी०में फिजीशियन पर सबसे ज्यादा इसी तरह के मरीज आ रहे हैं। बदलते मौसम के चलते लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। जिला अस्पताल की ओपीडी०में मरीज हाईग्रेड फीवर, सिरदर्द, बदन दर्द, मांसपेशियों में दर्द के साथ तेज जुकाम की समस्या लेकर आ रहे हैं।

# बुंदेलखंड का पलायन बढ़ रहा है : धर्मेंद्र यादव

वेलकम इंडिया



**झांसी।** समाजवादी पार्टी बबीना विधानसभा प्रभारी धर्मेंद्र यादव व जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह भोजला के संयुक्त नेतृत्व में

कार्यकताओं द्वारा जिला अधिकारी के माध्यम से महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश शासन को 6 सूत्रीय मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में जनपद की ज्वलन समस्याओं को लेकर बताया कि भाजपा सरकार की तरफ से जनहित में अनदेखी कर रही है जिससे आमजन किसान, मजदूर व युवा सभी पीड़ित है उन्होंने बताया कि बीड़ा द्वारा भूमि अधिकरण सर्किल रेट से भी कम कीमत पर जबरन किया जा रहा है , जो सरासर अन्याय है यह किसानो की आजीविका अस्तित्व एवं भविष्य दोनों के लिए खतरा है उन्होंने मांग करते हुए कहा कि अधिग्रहण निष्पक्ष एवं उचित मुआवजे के साथ हो तथा किसानों की सहमति को प्राथमिकता दी जाए साथ ही उन्होंने बीएलओ की लापरवाही और जातिगत भेदभाव का आरोप लगाया उन्होंने बताया कि चुनाव प्रक्रिया में लगे बीएलओ द्वारा अनुसूचित जाति, पिछड़ी वर्ग एवं अल्पसंख्यक मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से काटे जा रहे हैं तथा उनकी बस्तियों से बहुत दूर मतदान केंद्र बनाए जा रहे हैं इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन हो रहा है ऐसे अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए । उन्होंने झांसी में 500 बेड अस्पताल का शीघ्र लोकार्पण करने की मांग की बताया कि वर्षों से तैयार 500 बेड वाला अस्पताल आज भी जनता के लिए शुरू नहीं किया गया झांसी की आम जनता बेहतर चिकित्सा सुविधाओं के लिए परेशान है मनरेगा में मशीनों का उपयोग से मजदूरों का शोषण किया जा रहा है, जिससे मजदूरों को काम न देकर जेसीबी एवं अन्य मशीनों से कार्य कराया जा रहा है इससे गरीब मजदूर को रोजगार नहीं मिल पा रहा है और बुंदेलखंड का पलायन बढ़ रहा है योजना की मूल भावना के अनुसार मजदूरों को काम दिया जाए, बिजली और पानी की किल्लत से भी जनपद वासी जूझ रहे हैं उन्होंने अवगत कराया की नल में पानी नहीं और तारों में बिजली नहीं गर्मी के मौसम में जनता त्राहिमाम कर रही है शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्र में हालात बेहद खराब है उन्होंने तुरंत दुरुस्त करने की मांग की । गांव में जल स्तर गिरने से पेयजल संकट नेहरो में समय पर पानी न आने से पशु और किसान परेशान हैं ग्रामीणों को पानी पीने के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा हैं स्थिति इतनी गंभीर है कि किसानो के साथ-साथ पशु भी प्यासे हैं साथ ही सिंचाई की नेहरों में समय पर पानी नहीं छोड़ा जाता जिससे किसान खेतों की सिचाई नहीं कर पा रहा है पशुओं के लिए भी चारे की कमी हो रही है उन्होंने बताया कि जनहित के मुद्दों को लेकर समाजवादी पार्टी संघर्षशील है और जनता की आवास को शासन प्रशासन तक पहुंचती रहेगी साथ उन्होंने की इन समस्याओं का समाधान शीघ्र नहीं किया गया तो पार्टी शीर्ष नेतृत्व के आदेश अनुसार चरणबद्ध आंदोलन करेगी। इस अवसर पर पूर्व विधायक सतीश जतरिया, दिलीप यादव , आरिफ खान , स्वदेश यादव, रोहित सिंह परीक्षा, राधेलाल बौद्ध, अमित यादव सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्राणी मात्र की सेवा का अवसर मिलना सौभाग्य बात :- बोहरा

वेलकम इंडिया

**धोरीमन्ना, बाड़मेर, राजस्थान। 04 जून, 2025** ।भीषण गर्मी के इस दौर में राहगीरों की जल सेवा को लेकर जन कल्याण संस्थान, बाड़मेर की ओर से बुधवार को बोहरा परिवार राणासर के सौजन्य से धोरीमन्ना में बस स्टेण्ड पर शीतल जल प्याऊ का शुभारम्भ हुआ। शीतल जल प्याऊ के संचालन की जिम्मेदारी बोहरा परिवार द्वारा लेते हुए नियमित देखभाल का संकल्प लिया। संस्थान के मुकेश अमन बताया कि बुधवार को संस्थान की ओर से बोहरा परिवार के सौजन्य से दादा श्री वगतावरमल जी शिवलालचंद बोहरा की पुण्यतिथि के उपलक्ष में बुधवार को धोरीमन्ना में शीतल जल प्याऊ का शुभारम्भ हुआ। स्थानीय बस स्टैंड पर यात्रियों व राहगीरों की अधिक आवाजाही को देखते हुए उक्त स्थान पर प्याऊ स्थापित की गई। वहीं बाजार आने वाले राहगीरों को प्याऊ लगाने से शीतल जल का लाभ मिल सकेगा। पवन बोहरा राणासर ने कहा कि प्राणी मात्र की सेवा का अवसर मिलना ही पुण्य व सौभाग्य की बात है। प्यासे को पानी पिलाना हमारी संस्कृति रही है। बाजार में आने



वाले राहगीं व यात्रियों को भीषण गर्मी में शीतल जल सेवा का लाभ मिल सकेगा। कार्यक्रम में भीखचंद बोहरा, बाबूलाल गांधी, जयकिशन भादू ,जगदीशचंद छाजेड़ , अनिल सेठिया, भैरव बोहरा पुखराज पुगलिया, हनुमान लालन, प्रतापराम मेघवाल,धनराज लालन, रामगोपाल जांगू,कमलेश बोहरा, राहुल गांधी,सोहन गोदारा जगदीश, मोहनलाल, टैक्सी यूनियन, बस यूनियन श्रीराम, चौराहे पर उपस्थित लोगों ने सभी ने आभार जताया और कहा कि बस स्टैंड उचित स्थान पर यह शीतल जल की सेवा का कार्य किया जिसे बस सफर यात्रियों के साथ आम आदमी को गर्मी में ठंडा पानी पीने की सुविधा के लिए अनुमोदना की। साथ ही भैरव बोहरा और पवन बोहरा ने शुभारंभ पर आमंत्रित ओर उपस्थिति लोगो का आभार जताया।

# नगर में अब पॉलीथिन बैग के बजाय हर हाथ में होगा कपड़े का बैग

वेलकम इंडिया

बागेश्वर, गोविन्द मेहता, नगर को पॉलीथिन मुक्त करने के लिए पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल ने नगर में सस्ते दर पर लोगों को बाजार से जरूरी सामान खरीदने के लिए पॉलीथिन बैग से मुक्ति दिलाने के लिए एटीएम मशीन की तरह कपड़े का थैला देने वाली मशीन लगाकर लोगों को एक नई सौगात दी है। अब नगर में खरीददारी करने बाजार आने वाले लोगों को दस रुपए के सिक्के में कपड़े का बैग मिलेगा। नगर पालिका ने पंत चौक पर भारत मिशन के अंतर्गत बैग वेंडिंग मशीन लगाई है। जिसका बुधवार को नगर पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल ने शुभारम्भ किया। उन्होंने मशीन का शुभारंभ करते हुए सभी लोगों से नगर को पॉलीथिन मुक्त करने, नगर को प्रदूषण मुक्त बनाने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करने की अपील की है। नगर बनेगा स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त, इसके लिए हम सभी की है ये जिम्मेदारी।आओ मिलकर चलाए अभियान।अपने आसपास के क्षेत्र को करेंगे गंदगी मुक्त ,पर्यावरण संरक्षण के



लिए अपने आसपास हरियाली की लाएंगे लहर, सबको है ये ठानना, गंदगी नही हरियाली को हे अपनाना।इसी सिद्धान्त को अपनाने की अपील करते हुए पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल ने कहा कि नगर को प्रदूषण मुक्त करने के लिए पालिका की मुहिम को सफल बनाने के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।उन्होंने सभी लोगों को नगर को स्वच्छ और हरियाली युक्त और प्रदूषण मुक्त करने के लिए सभी लोग अपनी राय दे सकते हैं।उन्होंने पॉलीथिन का उपयोग नहीं करने तथा कपड़े के बैग का इस्तेमाल करने की अपील की है। मालूम हो कि नगर में सिंगल यूज पॉलीथिन पूरी तरह बंद है। इसके खिलाफ नगर पालिका बीच-बीच में छापेमारी भी करती है, लेकिन इसके बावजूद कई लोग चोरी छिपे पॉलीथिन का इस्तेमाल करते हैं। पालिका की छापेमारी में दो से चार किलो पॉलीथिन पकड़ी जाती है।अब पालिका ने उन लोगों के लिए सुविधा उपलब्ध करा दी है जो घर से बगैर कपड़े का बैग लेकर जाते हैं। नगर पालिका ने क्लॉथ बैग बैंडिंग मशीन लगाई गई है। पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल ने मशीन में 10 रुपए का सिक्का डालकर कपड़े का बैग निकालर मशीन का उद्घाटन किया।

# रिटायर्ड बैंक मैनेजर का मोबाइल हैक कर हैकर्स ने खाते से उड़ाए 20 लाख रुपए

वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** पीएनबी०के रिटायर्ड मैनेजर से फोन पर क्रेडिट कार्ड विभाग का बैंक अधिकारी बन बेसिक जानकारी ली और कर लिया फोन हैक, उड़ा डाले खाते से 20 लाख रुपए। प्राप्त विवरणनुसार ठगो ने किसी आम आदमी को नहीं बल्कि पीएनबी०के रिटायर्ड मैनेजर को निशाना बनाया है। पीएनबी० के रिटायर्ड मैनेजर से फोन पर क्रेडिट कार्ड विभाग का बैंक अधिकारी बन बेसिक जानकारी ली और कर लिया फोन हैक, उड़ा डाले खाते से 20 लाख रुपए, रिटायर्ड बैंक मैनेजर ने डिजिटल साइबर ठगी के मामले में साइबर क्राइम थाने में एफआईआर० दर्ज कराई है। बीरपाल सिंह पुत्र बदलू सिंह निवासी शांति निकेतन कॉलोनी बुलंदशहर पीएनबी०के रिटायर्ड वरिष्ठ प्रबंधक है। बीरपाल सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उनके बैंक अकाउंट पीएनबी०में ही है। उनके पास एक फोन कॉल आई काल कर्ता ने खुद को पीएनबी०का क्रेडिट कार्ड अधिकारी बताया और कार्ड अपडेशन के लिए कार्ड संबंधी बेसिक जानकारियां नाम, पता तथा नॉमिनी आदि पूछा, आरोप है कि वार्ता के दौरान डिजिटल साइबर ठग ने उनका फोन हैक कर लिया और कई बार की ट्रांजेक्शन दूसरे अकाउंट में ट्रांसफर कर 20 लाख रुपए खाते से उड़ा लिए। रिटायर्ड बैंक मैनेजर ने डिजिटल साइबर ठग की डिटेल के साथ साइबर थाने में एफआईआर० दर्ज कराकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# विशेष अभियान के तहत श्री अन्नपूर्णा रसोई से लिए खाद्य पदार्थों के नमूने

वेलकम इंडिया

**धौलपुर राजस्थान ( उत्तम दीक्षित)**। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण जयपुर के निदेर्शानुसार आगामी 7 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के उपलक्ष में पांच दिवसीय विशेष अभियान की शुरूआत की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने बताया कि विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के तहत 2 से 7 जून तक प्रत्येक दिन अभियान चलाकर आमजन को सुरक्षित एवं पौष्टिक खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने के प्रयास किए जाएंगे। खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदम सिंह परमार ने बताया कि खाद्य सुरक्षा दिवस के विशेष अभियान के तहत




मंगलवार को जिले में संचालित श्री अन्नपूर्णा रसोई निहालगंज, श्री अन्नपूर्णा रसोई सब्जी मंडी, सैंपऊ रोड तथा जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में संचालित कैंटीन का निरीक्षण कर सुजी और अन्य खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए गए। बुधवार को स्ट्रीट वेंडर्स के चार नमूने लिए जिनमें तीन यूज्ड कुकिंग ऑयल एवं एक बेसन के लड्डू का नमूना लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के तहत विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसमें अन्नपूर्णा रसोई स्ट्रीट वेंडर्स बस स्टैंड एवं रेलवे स्टेशन के नजदीक फूड वेंडर्स अस्पताल कैंटीन को निरीक्षण किया जा रहा है अभियान 7 जून तक लगातार चलेगा। अभियान के तहत खाद्य लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन शिविर का आयोजन किया जाएगा तथा आमजन के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

# सपा नेता के पिता का हुआ निधन

वेलकम इंडिया

रामघाट/बुलंदशहर/ समाजवादी पार्टी के नेता योगेंद्र सिंह उर्फ पप्पू यादव पिता की लंबी बीमारी के कारण हुआ निधन रामघाट गंगा घाट पर अंतिम दाह संस्कार किया आपको बता दें समाजवादी पार्टी के नेता योगेंद्र सिंह उर्फ पप्पू यादव निवासी ग्राम गंगागढ के पिता गुलफान सिंह यादव रिटायर्ड ऑपरेटर की गत रात्रि में लंबी बीमारी के कारण निधन हो गया इनका अंतिम दाह संस्कार रामघाट गंगा घाट पर किया गया।

उनके निधन पर परिजन छोटे भाई रामपाल सिंह यादव भाई मोहर सिंह एडवोकेट योगेंद्र सिंह उर्फ पप्पू यादव व देवेंद्र सिंह बेटा उत्तर प्रदेश पुलिस इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार यादव राजेश यादव संजू यादव भतीजे व अविनाश कुमार व अंकित कुमार यादव पौत्र सहित परिजनों ने गहरा दुःख प्रकट



किया है। अंतिम शव यात्रा में नरौरा चेयरमैन प्रतिनिधि किताब सिंह यादव पूर्व चेयरमैन भाजपा नेता विवेक कुमार वशिष्ठ नरौरा भाजपा नेता सत्यवीर सिंह यादव राजू यादव पप्पू यादव ब्लॉक प्रमुख गुन्नौर आदि क्षेत्र के सैकड़ो लोग उपस्थित हुए।

# समर भाषा कैंप में बच्चे अध्यापक की सहायता से कर रहे अलग-अलग एक्टिविटी: प्रवीण चुघ

वेलकम इंडिया

**हरियाणा/ हिसार ( राजेश सलूजा )** : राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरकड़ा में 2 जून से 8 जून तक समर भाषा कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस समर भाषा कैम्प की शुरूआत सुबह प्रार्थना सभा के साथ साढे.8 बजे होती है ओर समाप्ति दोपहर 1 बजे होती है ।इस समर भाषा कैम्प को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। विद्यालय के प्राचार्य प्रवीण चुघ ने इस कैम्प के बारे विस्तार से बताया कि यह समर भाषा कैम्प 7 दिन तक चलेगा ओर हर रोज बच्चे अध्यापक की सहायता से अलग अलग एक्टिविटी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि बच्चों को नई भाषा सिखाना ओर जो भाषा बच्चों को पहले से आती है उनमें दक्ष बनाना ही इस समर भाषा कैम्प लगाने का सरकार का उद्देश्य




है। प्राचार्य प्रवीण चुघ ने सरकार द्वारा चलाए गए इस समर भाषा कैम्प की तारीफ की ओर कहा कि आगे भी इस तरह के आयोजन करने के लिए सरकार को पहल करनी चाहिए ताकि बच्चों का सवार्गीण विकास हो सके।

# भाजपा सरकार ने 11 वर्षों में जनकल्याण की अनेक योजनाएं लागू की

वेलकम इंडिया

**हरियाणा/हिसार(राजेश सलूजा)** : विकसित भारत का अमृत काल सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल कार्यक्रम के तहत भाजपा जिला कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस हिसार लोकसभा प्रमुख कार्यकर्ता कार्यशाला में प्रदेश के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्णलाल पंवार, पूर्व मंत्री जेपी दलाल एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया मुख्य वक्ता रहे।

मुख्य वक्ता कृष्णलाल पंवार एवं जेपी दलाल ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बने 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनजागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके



तहत केन्द्र की उपलब्धियों को जन–जन तक पहुंचाने, केन्द्र की योजनाओं का लाभ अधिकतम लोगों तक पहुंचाने एवं सेवा, सुशासन गरीब कल्याण विकसित भारत पर आधारित गति ?विधियों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत 8 जून को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं अन्य नेता मीडिया से संवाद करके जनता तक जानकारी पहुंचाएंगे। दोनों नेताओं ने कहा कि इन 11 वर्षों के दौरान केन्द्र ने अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की है और इसमें आम आदमी का जीवन स्तर सुधरा है। ऐसे में पार्टी के प्रमुख कार्यकर्ता इन कल्याणकारी नीतियों व योजनाओं को अधिक से अधिक पात्रों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें ताकि कोई भी पात्र वंचित न रहे।

प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया ने इस अभियान के तहत चलने वाले आगामी कार्यक्रमों का ब्यौरा दिया। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता पूरी तन्मयता से इस अभियान को सिरे चढ़ाएं।

अभियान के जिला संयोजक डॉ. कमल गुप्ता एवं जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने विभिन्न क्षेत्रों से आए अतिथियों का स्वागत किया। जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने कहा कि जिले में पार्टी के अभियान को पूरी मेहनत से सिरे चढ़ाया जाएगा।

जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि कार्यशाला में मंत्री कृष्णलाल पंवार ने हरियाणा सरकार एवं पूर्व मंत्री जेपी दलाल ने केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं व नीतियों से प्रमुख कार्यकताओं को अवगत करवाया। उपरोक्त के अलावा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं इस कार्यक्रम की संयोजक सुनीता डांगी, हांसी विधायक विनोद भ्याना, प्रदेश सचिव कैप्टन भूपेन्द्र, पूर्व मंत्री अनूप धानक, हांसी जिला प्रभारी दीपक शर्मा, हांसी जिला अध्यक्ष अशोक सैनी, पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. डीपी वत्स, पूर्व जिला अध्यक्षा केएल रिणवा, मेयर प्रवीन पोपली, जिला परिषद चेयरमैन सोनू डाटा, जिला महामंत्री आशीष जोशी व संजीव रेवड़ी, सरोज सिहाग व सतबीर वर्मा सहित हिसार लोकसभा क्षेत्र के सैंकड़ों प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डीएम ने किसानों की समस्याओं को सुना

वेलकम इंडिया

बुलंदशहर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में किसान दिवस व किसान संगठनों के पदाधिकारियों एवं किसानों के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

सर्व प्रथम जिलाधिकारी श्रुति ने किसान पदाधिकारियों द्वारा किसानों की समस्याओं को सुना। जिसमे किसानों द्वारा विद्युत, सड़क, यूरिया व नैनो यूरिया, चकबंदी, गेहूं का शेष भुगतान, गन्ने का शेष भुगतान, खतौनी व घरौनी का संशोधन एवं करवन नदी की सफाई तथा खेतों में निराश्रित पशुओं सहित अन्य किसानों से सम्बन्धित शिकायतें प्राप्त हुईं। बैठक में जिलाधिकारी श्रुति ने किसानों द्वारा प्राप्त शिकायतों में से




विद्युत सम्बन्धित शिकायत पर निर्बाध आपूर्ति व जर्जर तारों की पेट्रोलिंग कर ठीक करने, जनपद में जहां कहीं भी टूटी सड़कों को गड्ढा मुक्त करने, यूरिया को प्राप्त मात्रा में उपलब्ध कराने व नैनो यूरिया को जबरदस्ती न उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी श्रुति ने चकबंदी सम्बन्धित समस्याओं का टीम गठित कर निस्तारण करने, गेहूं व गन्ने का शेष भुगतान शीघ्र कराने एवं खतौनी व घरौनी का संशोधन कराने हेतु ग्रामों में रोस्टर बनाकर कैम्प लगवाने तथा करवन नदी की सफाई हेतु शासन को पत्राचार करने तथा समस्त निराश्रित पशुओं को पकड़ने के निर्देश भी दिए। साथ ही बैठक में जिलाधिकारी श्रुति ने प्राप्त अन्य शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण करने को निर्देशित किया। बैठक में जिलाधिकारी श्रुति ने कृषकों से कहा कि खसरा, खतौनी, घरौनी, अंश निर्धारण, अविवादित विरासत तथा भूमि से संबंधित अन्य कार्यों को जन सेवा केंद्र द्वारा ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन करें, जिससे उक्त सम्बन्धित कार्यवाही ससमय पूर्ण की जा सके, साथ ही उन्होंने कहा कि किसी कृषक की आपदा व दुर्घटना में मृत्यु होती है तब उसका पोस्टमार्टम अवश्य कराएं साथ ही सम्बन्धित लेखपाल को अवश्य अवगत कराएं, जिससे कार्यवाही पूर्ण कर मृतक के परिजनो को शासन द्वारा सहायता राशि उपलब्ध कराई जा सके।

# एसडीएम पिंडरा के खिलाफ भड़के वकील ,जमकर की नारेबाजी ,दिया धरना

वेलकम इंडिया

**वाराणसी मिजार्मुराद** । तहसील बार एसोसिएशन पिंडरा के अध्यक्ष कृपाशंकर पटेल के नेतृत्व में बुधवार को भारी संख्या में अधिवक्ताओं ने एसडीएम पिंडरा प्रतिभा मिश्रा के कार्यालय का घेराव कर जमकर नारेबाजी व प्रदर्शन किया। इस दौरान अधिवक्ताओ ने एसडीएम के खिलाफ जमकर अपनी भड़ास भी उतारी। अधिवक्ताओं ने पहले तहसील परिसर में जुलूस निकाल कर एसेडीएम के खिलाफ नारेबाजी किया। इसके बाद इन लोगों का जुलूस एसडीएम कार्यालय के पास पहुंचकर धरने के रूप में परिणत हो गया। एसडीएम कार्यालय के सामने ही भारी संख्या में अधिवक्ता धरने पर बैठ



गए और एसडीएम वापस जाओ, भ्रष्टाचार बंद करो का जमकर नारेबाजी करने लगे। तहसील बार एसोसिएशन पिंडरा के अध्यक्ष कृपाशंकर पटेल व महामंत्री सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि एसडीएम पिंडरा प्रतिभा मिश्रा व एसडीएम न्यायिक प्रज्ञा सिंह तानाशाही कर रही हैं,जिसके कारण फरियादियों को न्याय नहीं मिल पा रहा है। आमजन इन दोनों अधिकारियों के तानाशाही का शिकार हो रहे हैं। निचले स्तर के अधिकारी व कर्मचारी लूट खसोट में लगे हुए हैं। आरोप है कि लेखपाल और कानूनगो के माध्यम से मनमाने ढंग से रुपयों की वसूली हो रही है। बार अध्यक्ष कृपाशंकर पटेल व महामंत्री सुधीर कुमार सिंह का यह भी आरोप है कि भ्रष्टाचार का मामला उजागर होने के बावजूद भी जिले के आला अधिकारी इन दोनों अफसरो को बचाने में जुटे हुए हैं। इसीलिए तो शिकायत के बावजूद भी जिलाधिकारी इन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। बताते चलें कि एसडीएम पिंडरा प्रतिभा मिश्रा फरियादियों के साथ अच्छा व्यवहार नहीं करती हैं और न ही उनको सही ढंग से न्याय दे पाती हैं। न्याय देने की बात तो जुदा है फरियादियों के साथ जिस तरीके की अभद्रता करती हैं उससे समूचा जनमानस और अधिवक्ता समाज के साथ प्रशासनिक अफसर भी शर्मशार है।


# आरकेजीआईटी के एमबीए विभाग में इंटर इंस्टीट्यूट पेपर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता शोध का आयोजन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद,( अनिल वशिष्ठ )।** आरकेजीआईटी गाजियाबाद के एमबीए विभाग ने, गाजियाबाद प्रबंधन संघ के साथ मिलकर ह्ल,शोध 2024-25ह्व ( इंटर इंस्टीट्यूट पेपर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता ) का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता का विषय था ₹ सस्टेनेबल डेवलपमेंट एंड ग्रोथ - चैलेंजेस, इश्यूज एंड प्रैक्टिसेजह्व.इस प्रतियोगिता का उद्घाटन 4 जून 2025 को आरकेजीआईटी समूह के सलाहकार डॉ. लक्ष्मण प्रसाद, कार्यकारी निदेशक डॉ.डी.के.चौहान, डीन ऐकडेमिक डॉ आर .के . यादव और एचओडी एमबीए डॉ.विभूति त्यागी व गाजियाबाद प्रबंधन संघ के कार्यकारी निदेशक श्री राहुल अग्रवाल द्वारा किया गया। प्रोग्राम में मुख्य अतिथि प्रोफेसर अरविंदर कौर ,फाउंडर डीन -आईपी यूनिवर्सिटी ने प्रतिभागियों को मोटिवेट किया व छात्रों को प्रबंधन से संबन्धित कई महत्वपूर्ण जानकारीया दी और कहा कि इस प्रकार के आयोजन स्टूडेंट्स की क्षमता को विकसित करते हैंक इस प्रतियोगिता में विभिन्न विश्वविद्यालयों और एमबीए संस्थानों की टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न संस्थानों की कुल 45 टीमों ने भाग लिया और उन्हें डॉ. विनायक त्रिपाठी ( एमबीए विभाग ) डॉ. रॉबिन अब्राहम ( ईसीई विभाग ) और निधि गुप्ता ( बीसीए ) , के पैनल द्वारा जज किया गया। इस कार्यक्रम को 02 श्रेणियों में विभाजित किया गया था। एक श्रेणी आंतरिक प्रतिभागियों के लिए और दूसरी श्रेणी बाहरी प्रतिभागियों के लिए थी। इस प्रोग्राम का आयोजन डॉ शिखा मित्तल के संरक्षण में किया गया क, डॉ.मनीष राय , डॉ.अर्जिता सिंह तथा बाकि सभी फैकल्टीज ने भी प्रोग्राम के सफल आयोजन में अपना योगदान दिया क कालेज के सभी उच्च अधिकारियों ने डिपार्टमेंट के कार्यक्रम की सफलता की बधाई दीक

# स्वर्गीय कवि रामकुमार गुप्ता सौमित्र को दी भावभीनी श्रद्धांजलि, याद में पुस्तक का विमोचन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** हापुर रोड स्थित एक फार्म हाउस में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने कवि रामकुमार गुप्ता सौमित्र को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उनकी याद में किया गया उनके द्वारा रचित काव्य पुस्तक मधुपर्क का विमोचन किया गया। कवि रामकुमार गुप्ता को श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में सांसद डॉ राजकुमार सांगवान, पूर्व राज्य मंत्री रामकिशोर अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता बृजपाल तेवतिया, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश सिंघल, डॉक्टर पवन सिंघल, विनोद गोस्वामी, डॉक्टर मुकेश गर्ग, महेश तायल, अमित चौधरी, सभासद वेद प्रकाश चौधरी, सुबे सिंह, ललित मित्तल, पत्रकार अशोक ओझा, ओम प्रकाश शर्मा, अनिल मित्तल, राकेश शर्मा, अनिल वशिष्ठ, मास्टर रविंद्र शर्मा, अनिल सेन स्वर्गीय रामकुमार गुप्ता जी के सुपुत्र शलभ गुप्ता पीयूष गुप्ता आदि गणमान्य थे।

# सुरेविन स्कूल के मेधावी छात्र आर्यन गोयल का (जेईई एडवांस) परीक्षा में रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल के मेधावी छात्र आर्यन गोयल ने (जेईई एडवांस)( संयुक्त प्रवेश एडवांस परीक्षा ) उत्तीर्ण कर स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया। मेधावी छात्र आर्यन गोयल ने जेईई एडवांस की संयुक्त प्रवेश परीक्षा में उत्तम स्थान प्राप्त कर स्कूल अध्यापकों एवं अभिभावकों दोनों को गौरांवित किया। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर स्कूल प्रबंधक श्री तुषार गुप्ता, डॉ शिखा दरबारी एवं स्कूल प्रधानाचार्य डॉ सरिता सिंधु ने आर्यन गोयल के अभिभावकों की जागरूकता एवं कठिन परिश्रम की सराहना करते हुए हृदय से बधाई देते हुए सुनहरे भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं प्रदान की।

# स्काउटिंग एंड गाइड के क्षेत्र में मोदी कॉलेज को मिला बेस्ट स्कूल का अवार्ड

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज को एमिटी इंटरनेशनल स्कूल वसुंधरा गाजियाबाद में जिला संस्था भारत स्काउट गाइड द्वारा आयोजित एक सम्मान समारोह में बेस्ट स्कूल का अवार्ड प्रदान किया गया। भारत स्काउट गाइड जिला संस्था गाजियाबाद के अध्यक्ष जिला अधिकारी गाजियाबाद और उपाध्यक्ष मुख्य विकास अधिकारी बेसिक शिक्षा अधिकारी गाजियाबाद और जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मेंद्र शर्मा हैं जिलाधिकारी गाजियाबाद की अनुपस्थिति में यह सम्मान जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मेंद्र शर्मा ने विद्यालय के प्रधानाचार्य व जिला संस्था के सचिव डॉ सतीश चंद अग्रवाल और विद्यालय के स्काउट मास्टर दिनेश कुमार को प्रदान किया प्रधानाचार्य ने बताया कि हमारा विद्यालय स्काउट एंड गाइड की विभिन्न गतिविधियों में जनपद में सक्रिय रूप से भाग लेता है इस समय विद्यालय में स्काउट एंड गाइड के 10 दल पंजीकृत हैं जो प्रदेश में सर्वाधिक है जिनके नाम कमल स्काउट दल, भीष्म स्काउट दल, स्वामी दयानंद स्काउट दल, डॉक्टर के एन मोदी स्काउट दल, डॉक्टर अब्दुल कलाम स्काउट दल गगनयान स्काउट दल, आदित्य एल 1 स्काउट दल, मंगल मिशन स्काउट दल, चंद्रयान मिशन स्काउट दल, आर्यभट्ट स्काउट दल है इन दलों के नाम से ही विद्यालय की स्काउट एंड गाइड के क्षेत्र में महानता का परिचय होता है। विद्यालय स्काउट एंड गाइड के क्षेत्र में जनपद में प्रत्येक गतिविधि में सक्रिय रूप से प्रतिभाग करता है। पिछले कई वर्षों से भारत स्काउट एंड गाइड ज्ञान प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र स्काउटिंग में जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त कर रहा है। 2021 में जिला संस्था गाजियाबाद की तरफ से विद्यालय के प्रधानाचार्य व जिला संस्था के सचिव को राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली द्वारा कोरोना वारियर का प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया था विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि इस सत्र से विद्यालय के हर छात्रों को स्काउट एंड गाइड का ज्ञान अनिवार्य रूप से कराया जाएगा इसके लिए सप्ताह में प्रत्येक कक्षा में एक वादन लगाया जा रहा है विद्यालय में स्काउटिंग एंड गाइड का कार्य विद्यालय के स्काउट मास्टर दिनेश कुमार राजेश कुमार, संजीव चौधरी द्वारा सक्रिय रूप से प्रतिभागिता कर सभी छात्रों को स्काउट एंड गाइड की विभिन्न गतिविधियों से परिचय कराया जाता है।

# महेश नवमी का त्यौहार श्रद्धाभाव के साथ मनाया, भंडारे का किया अयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** माहेश्वरी समाज बेगमबाद मोदीनगर द्वारा माहेश्वरी का पावन त्यौहार श्रद्धाभाव के साथ मनाया, गया। इस मौके पर समाज के लोगों ने भगवान महेश की पूजा अर्चना की की और उसके बाद दिल्ली मेरठ मुख्य मार्ग पर पीबीएएस इंटर कॉलेज के सामने भंडारे का आयोजन किया। भंडारे में सैकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में महेश महेश्वरी मनोज महेश्वरी सतीश महेश्वरी दिनेश माहेश्वरी सुरेश ललित कुलदीप प्रवीण अमित संदीप आदि समाज के लोगों ने श्रद्धाभाव के साथ प्रसाद वितरण किया।

# गुलाब सलाट एक्शन एक्टर को टी.एम.जी. क्रिएशन न्यु मुम्बई म्यूजीकल इवेंट से एक डांस परफॉरमेंस से मीला गोल्ड मेडल और सर्टिफिकेट

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** गुलाब को ऐसे कई पुरस्कार मिले हैं। उन्हें दिल्ली बॉलीवुड सिने रिपोर्टर अवार्ड, नागपुर गौरव महाराष्ट्र अवार्ड, मुंबई जंगौरव कार्य दर्पण अवार्ड, वडोदरा सिने मीडिया अवार्ड, वाइब्रेंट गुजराती फिल्म अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। गुलाब की जीवनी। गुलाब गुजरात के आनंद में पैदा हुए एक एक्शन अभिनेता हैं। गुलाब के माता-पिता बहुत गरीब थे और उन्होंने अपना पूरा जीवन एक खाट तंबू में बिताया। लेकिन गुलाब के पिता तम्मा भाई सलात अपने बेटे को शारीरिक श्रम करके एक अच्छे पद पर पहुंचाने की कोशिश कर रहे थे। उनमें से एक थे गुलाब सलात जो 8 साल की उम्र से ही बॉलीवुड फिल्मों में रुचि रखते थे। उन्होंने अपने पिता से कहा था कि वे एक बार फिल्मों में काम करेंगे। उनके पिता ने इसके लिए कड़ी मेहनत करना शुरू कर दिया। उन्होंने दिन-रात मेहनत की और अपने बेटे को मार्शल आर्ट कराटे ऑल इंडिया वाडो काई कराटे दो अकादमी इंडिया इंटरनेशनल नामक अकादमी में दाखिला दिलाया। गुरु के बिना अब मुझे डांस एकेडमी ज्वाइन करनी पड़ेगी। डांस के लिए उन्होंने आनंद जिला छोड़ दिया और जिमनास्टिक और डांस की ट्रेनिंग लेने हैदराबाद चले गए। वहां उन्होंने कड़ी मेहनत की और हैदराबाद से एक साल की डिग्री हासिल की। ??उन्होंने अपने जिले के प्रति अपना कर्तव्य दिखाया और कुछ नाम कमाया। गुलाब के पिता का सिर गर्व से ऊंचा हो गया। अब मैं अपने बेटे को मुंबई ले जाऊंगा और किसी फिल्म में काम दिलाऊंगा। आनंद को छोड़कर पिता तम्मा भाई गुलाब को मुंबई ले गए। वहां उनकी मुलाकात एक डायरेक्टर से हुई। उसने गुलाब के पिता तम्मा भाई से ?15000 ठग लिए। डायरेक्टर ने गुलाब के पिता तम्मा भाई को अपने जाल में फंसा लिया। फिर भी उन्हें काम नहीं मिला। वे मुंबई छोड़कर अपने शहर वापस आ गए। कुछ दिनों बाद गुलाब के पिता तम्मा भाई का निधन हो गया। गुलाब बिल्कुल अकेले और कमजोर हो गए। अब मैं क्या करूंगा? पिता की मौत के बाद स्थिति ऐसी थी। आनंद पढ़ाई के लिए रामनगर के स्कूल मैत्री विद्यालय, रामनगर में जाता था घर में काफी परेशानियां बढ़ने लगी थी। उनके दो भाई और दो बहन थी। गुलाब की मां का बेटा सोनी बैन था उनकी तबीयत भी दिन पर दिन खराब होती गई और वो अपनी मां का काफी ख्याल रखते थे। मैं अपनी मां को नहीं खोना चाहता हूं। मैंने अपने पिता को खो दिया है लेकिन मैं अपनी मां को नहीं खोना चाहता हूं। और वहीं से मैंने डांस करना शुरू किया। गुलाब कुछ प्रदर्शन करके और कराटे की क्लास चलाकर और कुछ पैसे इकट्ठा करके अपना गुजारा करता था। कुछ दिनों के बाद वह हर जगह, हर राज्य में गया और फिल्म निमार्ता और निर्देशक से अपने काम के लिए अनुरोध किया, लेकिन असफल रहा। वह अपने शहर वापस आ गया और फिर अपनी ट्रेनिंग शुरू की। उसने कहा मैं अपने पिता के शहर का नाम रोशन करूंगा। मैंने हिम्मत नहीं हारी मेरी किस्मत ऐसे चमकी। उन्होंने जय जय जग जननी दुर्गा मां जय बजरंगबली सीरियल में काम करना शुरू किया।

# क्यों साल की 24 एकादशियों में से सबसे खास है निर्जला एकादशी : डॉ सोनिका जैन

**क्या है निर्जला एकादशी**

हिंदू धर्म में एकादशी तिथि का बेहद खास महत्व होता है। साल में 24 और महीने में 2 एकादशी तिथि पड़ती है। निर्जला एकादशी हिंदू धर्म की सबसे कठिन और पुण्यदायी एकादशी मानी जाती है, जो ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष में आती है। इस दिन बिना जल ग्रहण किए व्रत रखने से सभी एकादशियों के बराबर पुण्य फल प्राप्त होता है। इस बार 6 जून 2025 को निर्जला एकादशी मनाई जाएगी क्योंकि उदयातिथि के अनुसार यह तिथि इसी दिन पड़ती है। निर्जला एकादशी का पारण 7 जून 2025 को सुबह 4 बजकर 47 मिनट पर होगा।

**निर्जला एकादशी व्रत का महत्व**

इस व्रत को करने से व्यक्ति को भगवान विष्णु की विशेष कृपा प्राप्त होती है और जीवन के संकट दूर होने का विश्वास होता है। यह व्रत आत्मिक शुद्धि, मानसिक शक्ति और भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त करने का माध्यम है।

**निर्जला एकादशी व्रत की पूजा विधि**

एकादशी की पूजा की तैयारी एक दिन पहले शुरू हो जाती है।

व्रत से एक दिन पहले पूजा के स्थान को गंगाजल छिड़ककर उसे शुद्ध किया जाता है।

एकादशी के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान आदि करें।

अब पूजा स्थल पर सप्त अनाज के ऊपर तांबे या मिट्टी का कलश स्थापित करें।

इसके बाद भगवान विष्णु की मूर्ति या तस्वीर लगाएं।

अब भगवान विष्णु को धूप, दीप, चंदन, फल-फूल और तुलसी आदि अर्पित करें।

पूजा के बाद निर्जला एकादशी की कथा का पाठ करें और भगवान विष्णु को किसी मिष्ठान का भोग लगाएं।



**निर्जला एकादशी व्रत कथा**

पौराणिक कथा के अनुसार महाभारत में जब पांडवों को अज्ञातवास हुआ, तो वह ब्राम्हण के रूप में रहने लगें। उस समय पांडव नियमित रूप से एकादशी का व्रत करते थे। लेकिन पांडवों में सबसे बलशाली भीमसेन स्वादिष्ट भोजन के बहुत बड़े शौकीन थे। उनसे अपनी भूख बर्दाश्त नहीं होती थी, इसी कारण से वह साल में एक भी एकादशी व्रत नहीं रख पाते थे। वहीं पांडवों में भीम के अलावा सभी भाई और द्रौपदी साल के सभी एकादशी व्रत श्रद्धा भाव से किया करते थे। एक समय ऐसा आया, जब भीम अपनी इस लाचारी और कमजोरी से परेशान हो गए। उन्हें यह लगता था कि वह एकादशी व्रत न रखकर भगवान विष्णु का अपमान कर रहे हैं। इस परेशानी की युक्ति ढूंढने के लिए वह महर्षि व्यास के पास पहुंच गए। तब महर्षि व्यास ने उन्हें कहा कि वह साल में एक बार निर्जला एकादशी व्रत जरूर करें। साथी यह भी कहा कि निर्जला एकादशी व्रत रखने से व्यक्ति को सभी 24 एकादशी व्रतों का फल प्राप्त होता है। यही कारण है कि निर्जला एकादशी व्रत को भीमसेनी एकादशी व्रत के नाम से जाना जाता है।

**निर्जला एकादशी का पारण**

निर्जला एकादशी का व्रत अगले दिन द्वादशी तिथि में फलाहार या अन्न-जल ग्रहण कर के पूरा किया जाता है। इसे पारण कहा जाता है और यह व्रत की पूर्णता का प्रतीक होता है।

**निर्जला एकादशी धन संबंधी उपाय**

निर्जला एकादशी के दिन एक सफेद रंग का शंख खरीदें। इसमें गंगाजल भर लें और श्री हरि के चरणों में डालें। इसके बाद उस शंख से तीन बार ध्वनि करें। शंख को धोकर पूजा के स्थान पर रख दें। घर में धन आता भी रहेगा और बचत भी होती रहेगी।

**निर्जला एकादशी पर क्या करें क्या न करें**

निर्जला एकादशी के दिन चावल नहीं बनाने चाहिए।

एकादशी तिथि के दिन तुलसी के पत्ते न तोड़ें, यदि पत्ते बेहद आवश्यक हैं तो आप एक दिन पहले ही पत्तों को तोड़ कर रख सकते हैं।

इस दिन घर में प्याज, लहसुन, मांस, मदिरा का सेवन ना करें।

साथ ही किसी से लड़ाई-झगड़ा ना करें, किसी का बुरा ना सोचें, किसी का अहित ना करें, और ना ही क्रोध करें।

निर्जला एकादशी ज्येष्ठ मास की शुक्ल पक्ष की एकादशी को मनाई जाती है और इसे बिना जल ग्रहण किए रखने का नियम है। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा की जाती है और गरीबों और जरूरतमंदों को अन्न, वस्त्र, जल से भरा कलश और चरण पादुका आदि का दान करना शुभ माना जाता है।

# मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत कोचिंग में पढ़ाने का सुनहरा अवसर

**गाजियाबाद।** मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत संचालित की जा रही निःशुल्क कोचिंग कक्षाओं के लिए योग्य एवं अनुभवी शिक्षकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस संबंध में जिला समाज कल्याण अधिकारी वेद प्रकाश मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व में 31 मई 2025 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए थे, जिन्हें अब बढ़ाकर 10 जून 2025 तक कर दिया गया है। यह अवसर उन विषय विशेषज्ञों के लिए है, जो सिविल सेवा, जेईई, नीट, एनडीए, सीडीएस तथा एकदिवसीय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देना चाहते हैं। इन परीक्षाओं की कोचिंग गाजियाबाद के इन्ग्राहम इंटर कॉलेज तथा पुलिस मॉडर्न स्कूल, वैशाली में संचालित की जा रही है।

# कस्बा निवाड़ी में किसान मजदूर की पंचायत में स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध

वेलकम इंडिया


**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** कस्बा निवाडी में सभासद व किसान मजदूर की एक पंचायत हुई। जिसमें जो विद्युत विभाग स्मार्ट मीटर लगाने जा रही है, उसके विरोध में किसानों व मजदूरों में बड़ा रोष देखने को मिला किसानों व मजदूरों को हर महा बिजली का बिल जमा करने में बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। क्योंकि किसानों की फसल जैसे गेहूं धान आम के बागो से जो कमाई होती है। वह साल भर में आती है तथा कभी-कभी तो आधी वह भारी बरसात के कारण फसल नष्ट हो जाती है, तो किसान हर महा बिजली का बिल जमा करने में असमर्थ है। किसानों व मजदूरों के घर पर स्मार्ट मीटर न लगाई जाए सभी ने इसका विरोध जताया है। किसान बिजली का बिल दे रहे हैं लेट क्योंकि आर्थिक स्थिति कम हो रही है। विश्व में आर्थिक मंदी चल रही है देश सभी देश इसकी चपेट में आ रहे हैं यह भी मोबाइल की तरह रिचार्ज होगा, जो कि बगैर रिचार्ज के आपका पंखा गर्मी में नहीं चलने का है। किसानों व मजदूरों में इसको लेकर बड़ा रोष देखने को मिला । क्षेत्र के किसान व मजदूर इसको लेकर बड़े स्तर पर आंदोलन की रूपरेखा तैयार कर रहे हैं। सत्येंद्र त्यागी भारतीय किसान यूनियन किसान सभा राष्ट्रीय संरक्षक की अध्यक्षता संचालन वीरेंद्र त्यागी ने किया विवेक त्यागी, वाइस चेयरमैन कॉपरेटिव सोसायटी आदित्य त्यागी, सभासद राजन त्यागी, सभासद विक्की त्यागी, सभासद मंगेश्वर, सभासद नितिन, सभासद जगदीश, अंकित त्यागी, सुबोध त्यागी, जयकुमार फौजी, पूर्व सभासद शेखर त्यागी, देवांश त्यागी, प्रदीप गोयल, आशीष, राहुल, राज प्रकाश त्यागी, आर्य कृष्ण त्यागी, सचिन, जय भगवान फौजी, निक्कू त्यागी, गौरव त्यागी, आदि लोग मौजूद रहे।



# चार देशों की विशेष कूटनीतिक यात्रा से लौटे सांसद अतुल गर्ग का किया स्वागत

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के लोकप्रिय सांसद श्री अतुल गर्ग चार देशों लाइबेरिया, यूएई, कोंगो और सिएरा लियोन की एक अत्यंत महत्वपूर्ण कूटनीतिक विदेश यात्रा पूर्ण कर आज गाजियाबाद लौटे। यह यात्रा भारत सरकार द्वारा सांस्कृतिक, रणनीतिक और आतंकवाद के विरुद्ध वैश्विक सहयोग को सशक्त करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी, जिसमें श्री गर्ग ने उत्तर प्रदेश के एकमात्र सांसद के रूप में भाग लेकर भारत का गौरव बढ़ाया। इस यात्रा का प्रमुख उद्देश्य भारत सरकार और भारतीय सेना द्वारा आतंकवाद के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन सिंदूर के प्रभाव को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करना तथा पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को बेनकाब करना रहा। इस मिशन के तहत प्रतिनिधिमंडल ने संबंधित देशों के नीति-निमार्ताओं को भारत की भूमिका, सुरक्षा रणनीति और मानवाधिकारों के प्रति प्रतिबद्धता की जानकारी दी। श्री अतुल गर्ग ने चारों देशों के सांसदों, मंत्रियों एवं राजनयिकों से भेंट कर आर्थिक, रक्षा और सांस्कृतिक संबंधों को और अधिक सुदृढ़ करने पर चर्चा की। उन्होंने अफ्रीका और खाड़ी देशों में भारत की भूमिका को मजबूती से प्रस्तुत किया। गाजियाबाद लौटने पर उनके आवास पर पूर्व महापौर श्री आशु वर्मा, भारतीय जनता पार्टी के मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, महामंत्री सुशील गौतम ,रामावतार एवं हिमांशु समेत अनेक कार्यकताओं ने जलेबी और लड्डू खिलाकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।



**इस अवसर पर सांसद श्री अतुल गर्ग ने कहा:** यह यात्रा केवल सांस्कृतिक और आर्थिक सहयोग की नहीं थी, बल्कि भारत की सुरक्षा नीति और आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ संकल्प को वैश्विक मंच पर दर्शाने की भी थी। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत द्वारा उठाए गए कदमों को हमने दुनिया के समक्ष रखा, और पाकिस्तान के नापाक इरादों को तथ्यों के साथ उजागर किया। इस प्रकार की यात्राएं भारत की वैश्विक साख को मजबूत करती हैं।

**पूर्व महापौर श्री आशु वर्मा ने कहा:** गाजियाबाद के सांसद का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस प्रकार भारत का प्रतिनिधित्व करना हमारे शहर के लिए गर्व की बात है। यह यात्रा न केवल राजनीतिक दृष्टि से, बल्कि राष्ट्रहित के दृष्टिकोण से भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। उल्लेखनीय है कि आज शाम मोहन नगर स्थित आई.टी.एस कॉलेज में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें श्री अतुल गर्ग के साथ यात्रा में शामिल हुए बीजू जनता दल के राज्यसभा सांसद डॉ. सस्मित पात्रा और राज्यसभा सांसद श्री मदन मिश्रा भी भाग लेंगे। इस कार्यक्रम में तीनों सांसद अपने अनुभव साझा करेंगे और ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित पहलुओं पर भी प्रकाश डालेंगे।

# मीट दुकानों पर खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** खाद्य सुरक्षा विभाग ने जिले में अवैध और अस्वच्छ ढंग से संचालित मीट दुकानों पर बुधवार को सख्त कार्रवाई करते हुए कई दुकानों को सील किया है, जबकि कुछ दुकानों को सुधार नोटिस जारी कर चेतावनी दी गई है। सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-द्वितीय अरविंद कुमार यादव ने बताया कि बाग वाली कॉलोनी रोड, शास्त्री नगर स्थित हलाल चिकन शॉप, जिसका संचालन मोहम्मद आमिर कुरैशी द्वारा किया जा रहा था, पर मौके पर ही चिकन की अवैध कटाई (स्लॉटरिंग) होती हुई पाई गई। जांच के दौरान स्लॉटरिंग में प्रयुक्त सभी उपकरणों को सील कर दिया गया है और संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध सक्षम धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है। इसी क्षेत्र में कुरैशी चिकन और मटन मीट शॉप, जिसके प्रोपराइटर मुरसलीन हैं, वहां भी साफ-सफाई तथा खाद्य पंजीकरण की शर्तों का उल्लंघन पाया गया। विभाग द्वारा इनके खिलाफ भी खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, सोमवार को कनावनी पुलिया, इंदिरापुरम स्थित एक अन्य मीट शॉप को बिना खाद्य पंजीकरण के संचालन करते हुए पाया गया। इस दुकान के संचालक गुड्डू कुरैशी के विरुद्ध धारा 58 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है तथा दुकान को तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया गया। कनावनी पुलिया स्थित पप्पू मटन शॉप पर भी खाद्य पंजीकरण की शर्तों का उल्लंघन पाया गया, जिसके चलते सुधार नोटिस जारी किया गया है। नियत समय में सुधार न करने पर रजिस्ट्रेशन निलंबित करने की चेतावनी दी गई है। विंडसर मार्केट, इंदिरापुरम स्थित लखनऊ वाले कबाबी नॉन वेज रेस्टोरेंट पर भी स्वच्छता में लापरवाही और खुले में मांस रखने जैसे उल्लंघनों को लेकर सुधार नोटिस भेजी गई है। वहीं, शिप्रा मॉल स्थित स्ट्रीट फूड मार्केट में चल रहे 20 स्ट्रीट फूड वेंडर्स का सघन निरीक्षण किया गया।




## साहिबाबाद में भीषण गर्मी के बीच बिजली कटौती, ट्रिपिंग और लो-वोल्टेज से जनता परेशान

गाजियाबाद। फाल्ट और तकनीकी कारणों से लगातार हो रही बिजली कटौती, ट्रिपिंग और लो–वोल्टेज की समस्याओं को लेकर लोगों का रोष बढ़ता जा रहा है। शिकायतों के बढे पर बिजली निगम ने कविनगर में 24 घंटे चालू रहने वाला कंट्रोल रूम बनाया है, जहां तीन शिफ्ट में कर्मी ड्यूटी पर तैनात हैं। हेल्पलाइन नंबर 9193320115 जारी किया गया है। अप्रैल के मुकाबले बीते एक माह में बिजली से जुड़ी शिकायतों में लगभग 30 फीसदी की वृद्धि हुई है। उपभोक्ता शिकायत पंजीकृत तो करवा रहे हैं, लेकिन अधिकांश मामलों में समाधान नहीं हो पा रहा है। इंदिरापुरम के नीति खंड–दो के अनुज शर्मा और डीएलएफ के हरीश चौधरी समेत कई लोग बताते हैं कि शिकायत दर्ज कराने के बाद भी बिजली आपूर्ति में सुधार नहीं हो रहा, और कई बार कॉल रिसीव भी नहीं की जाती। विद्युत निगम जोन–3 के चीफ इंजीनियर दीपक अग्रवाल का कहना है कि कंट्रोल रूम पर आने वाली सभी शिकायतें तुरंत संबंधित एसडीओ और एक्सईएन को भेज दी जाती हैं, जहां तत्काल टीम भेजकर समस्या का समाधान किया जाता है। उन्होंने कहा कि अगर उपभोक्ताओं को समस्या बनी रहती है तो जांच कराई जाएगी। फिर भी जनता में बढ़ती नाराजगी और समाधान की कमी से सवाल उठ रहे हैं कि क्या निगम की व्यवस्था लोगों की उम्मीदों पर खरी उतर पाएगी।

## दबंग ने युवक की पीठ पर किया धारदार हथियार से हमला

**गाजियाबाद।** कस्बा फरीदनगर में मामूली कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया जब गाली देने का विरोध करने पर एक युवक पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया गया। पीड़ित युवक फईम के अनुसार, मंगलवार देर रात वह तकिया मैदान में बैठा हुआ था। इसी दौरान आरोपी सलमान वहां आया और बिना किसी कारण के गाली गलौज करने लगा। जब फईम ने इसका विरोध किया, तो आरोपी सलमान ने गुस्से में आकर उसकी पीठ पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे फईम गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पीड़ित ने फरीदनगर थाने में तहरीर दी है, जिस पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट दर्ज कर ली है और जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की तलाश की जा रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार किया जाएगा। घायल युवक का प्राथमिक उपचार कराया गया है और वह अब खतरे से बाहर बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## एटीएम पर ठगी, बातों में उलझाकर बदला डेबिट कार्ड, खाते से उड़ाए 20 हजार रुपये

**गाजियाबाद।** साइबर ठगी का एक नया मामला सामने आया है, जहां एटीएम से पैसे निकालने गई एक युवती को ठग ने बातों में उलझाकर उसका डेबिट कार्ड बदल दिया और खाते से 20 हजार रुपये निकाल लिए। बिसोखर गांव निवासी पूनम देवी ने बताया कि उनकी पुत्री इशिका हरमुखपुरी कॉलोनी के सामने स्थित एक एटीएम से 9,000 रुपये निकालने गई थी। इसी दौरान एक व्यक्ति वहां आया और खुद को मददगार दिखाते हुए इशिका को बातों में उलझा लिया। इसी बीच उसने चालाकी से उसका डेबिट कार्ड बदल दिया। कुछ ही देर बाद मोबाइल पर बैंक से 20,000 रुपये निकाले जाने का मैसेज आया, जिससे उन्हें ठगी का पता चला। पीड़िता ने तुरंत बैंक को सूचना देने के साथ ही पुलिस को भी तहरीर दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने आम जनता से अपील की है कि एटीएम पर कोई भी अनजान व्यक्ति मदद का प्रस्ताव दे तो सतर्क रहें और किसी को अपना कार्ड या पिन साझा न करें। वहीं, सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

# यातायात व्यवस्था सुधार को लेकर पुलिस आयुक्त की अहम बैठक

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** पुलिस आयुक्त जे. रविन्द्र गौड़ द्वारा बुधवार को यातायात व्यवस्था की समीक्षा और उसे सुदृढ़ बनाने हेतु एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस बैठक में पुलिस आयुक्त ने ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार लाने के उद्देश्य से कई अहम निर्देश जारी किए।

पुलिस आयुक्त ने कहा कि बिना हेलमेट, तीन सवारी, रेड लाइट जंप, नो पार्किंग, ओवरलोड ऑटो/ई-रिक्शा, बिना सीट बेल्ट, शराब सेवन कर वाहन चलाना और गलत दिशा में वाहन चलाने जैसे मामलों में सख्त एवं निरंतर कार्रवाई जारी रखी जाए। जून माह में स्कूली बच्चों के परिवहन में लगे वाहनों जैसे बसों और वैनों की जांच के लिए संभागीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) से समन्वय कर विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिन वाहनों के दस्तावेज या सुरक्षा उपकरण मानकों के अनुरूप नहीं पाए जाएंगे, उनके विरुद्ध चालान या सीज की कार्रवाई की जाएगी। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई), लोक निर्माण विभाग (पीब्ल्यूडी), नगर निगम एवं गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के साथ समन्वय कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी और यातायात सुधार के लिए दीर्घकालिक योजना तैयार की जाएगी। सेव लाइफ फाउंडेशन द्वारा वर्ष 2022 से 2025 के बीच हुई दुर्घटनाओं के डेटा विश्लेषण के आधार पर जो ब्लैक स्पॉट्स और सुधार के सुझाव दिए गए हैं, उन पर संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस आयुक्त ने एनएचएआई, पीडब्ल्यूडी, नगर निगम और जीडीए सहित अन्य विभागों को पत्राचार कर यातायात संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने का अनुरोध किया है, ताकि स्पीड ब्रेकर, रेडलाइट, जेब्रा लाइन, साइनेज बोर्ड आदि के निर्माण और रखरखाव में आसानी से समन्वय किया जा सके। अब तक कुल 422 दुकानदारों, ठेले और खोखा संचालकों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 152 के अंतर्गत नोटिस जारी कर विधिक कार्यवाही हेतु रिपोर्ट न्यायालय में प्रेषित की गई है। भविष्य में इस अभियान को और अधिक कठोर एवं प्रभावी बनाया जाएगा। पुलिस आयुक्त ने कहा कि गाजियाबाद की यातायात व्यवस्था को सुरक्षित, अनुशासित और जनहितकारी बनाना हमारी प्राथमिकता है। हमने ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई है। बिना हेलमेट, ओवरलोड, नो पार्किंग, शराब पीकर वाहन चलाने जैसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।




# भोजपुर-पिलखुवा मार्ग पर गोवंश मांस से भरे ट्रक को रोककर हंगामा

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** भोजपुर-पिलखुवा मार्ग पर देर रात गांव अमराला के पास हिन्दू संगठनों के कार्यकताओं और ग्रामीणों ने गोवंश के मांस से भरे ट्रक को रोककर जमकर हंगामा किया। गुस्साई भीड़ ने ट्रक चालक और क्लीनर की पिटाई की और ट्रक में तोडफोड़ कर आग लगाने का प्रयास किया। हिंदू युवा वाहिनी के नीरज शर्मा और बजरंग दल के मधुर नेहरा के अनुसार, मंगलवार रात करीब 9 बजे पिलखुवा की ओर से गोवंश मांस से भरा ट्रक आते होने की सूचना मिली। ग्रामीणों और संगठनों के कार्यकताओं ने ट्रक को अमराला के पास रोक लिया। ट्रक में मांस देखकर वे आक्रोशित हो गए और आरोपियों की गिरफ्तारी व एनकांउटर की मांग करते हुए पिलखुवा मार्ग पर सड़क जाम कर धरने पर बैठ गए। भोजपुर थानाध्यक्ष अमित शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और भीड़ को समझाने का प्रयास किया, लेकिन कुछ लोगों ने ट्रक में आग लगाने की कोशिश की। बड़ी संख्या में जुटी भीड़ को शांत कराने में पुलिस को भारी मशक्कत करनी पड़ी। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय समेत कई थानों की फोर्स भी मौके पर पहुंच गई। हिंदू संगठनों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि ईद पर किसी भी प्रतिबंधित पशु की कुबार्नी नहीं होनी चाहिए, लेकिन लोग इस आदेश की अवहेलना कर माहौल बिगाडे की कोशिश कर रहे हैं।



## चोरी-लूट के आरोपित को गुंडा एक्ट के तहत किया गया बाहर

**गाजियाबाद।** थाना ट्रोनिका सिटी क्षेत्र के दौलत नगर निवासी नासिर को पुलिस ने चोरी और लूट के गंभीर आरोपों के चलते गुंडा एक्ट 1970 के तहत 6 महीने के लिए जिला बदर किया। नासिर को ढोल-ताशों के साथ सार्वजनिक रूप से जिले की सीमा से बाहर भेजा गया, जो पुलिस की अनोखी कार्रवाई के रूप में सामने आई है। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम के नेतृत्व में पुलिस फोर्स नासिर के घर पहुंची और जिला बदर का आदेश पढ़कर सुनाया। इस दौरान ढोल बजाकर मुनादी भी कराई गई, जिससे पूरे मोहल्ले में यह खबर फैल गई। इसके बाद नासिर को पुलिस गाजियाबाद की सीमा से बाहर बागपत लेकर गई। पुलिस ने साफ चेतावनी दी है कि अगर नासिर 6 महीने के अंदर फिर से गाजियाबाद में दिखाई दिया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# "एक राष्ट्र , एक चुनाव" विषय पर दीवार लेखन द्वारा जनजागरूकता अभियान चलाया गया









वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में ₹एक राष्ट्र, एक चुनाव₹ विषय पर जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी द्वारा विभिन्न मंडलों में दीवार स्लोगन लेखन कार्यक्रम आयोजित किए गए। यह अभियान भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के मार्गदर्शन पर, महानगर संयोजक सरदार एस.पी. सिंह के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

राजनगर मंडल में यह कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष श्री नीरज त्यागी, जिला प्रतिनिधि श्री विनीत शर्मा तथा महानगर मीडिया समन्वयक श्री प्रदीप चौधरी की अगुवाई में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में कार्यकताओं एवं नागरिकों को ₹एक राष्ट्र, एक चुनाव₹ की अवधारणा, इसके लाभ और इसकी आवश्यकता के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई।

**महानगर संयोजक सरदार एस.पी. सिंह ने इस अवसर पर कहा:** एक राष्ट्र, एक चुनाव देश को स्थायित्व, समय की बचत और संसाधनों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करता है। इससे शासन व्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।₹ उन्होंने यह भी बताया कि यह अभियान पूरे नगर में सभी मंडलों के माध्यम से चलाया जा रहा है और इसमें पार्टी कार्यकताओं के साथ-साथ आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। राजनगर मंडल के इस आयोजन में प्रमुख रूप से

मनीष मित्तल, तरुण खन्ना, अनिल अरोड़ा, मनोज गिरी, कविता चौहान, रमा गुप्ता, राजेश्वर यादव, अभिजीत भारद्वाज सहित अनेक कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।

# ऑपरेशन सिंदूर पर संस्मरण वार्ता आयोजित सांसद अतुल गर्ग, मनन मिश्रा व सस्मित पात्रा ने साझा की चार देशों की कूटनीतिक यात्रा की जानकारी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** भारत सरकार की पहल पर आज मोहन नगर स्थित आई.टी.एस. कॉलेज में 'ऑपरेशन सिंदूर' विषय पर एक विशेष संस्मरण वार्ता का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के विरुद्ध भारत की रणनीति और संसद की भूमिका को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गाजियाबाद के सांसद श्री अतुल गर्ग रहे, जो हाल ही में लाइबेरिया, यूएई, कोंगो, सिएरा लियोन आदि देशों की कूटनीतिक यात्रा से लौटे हैं। यह यात्रा भारत सरकार द्वारा वैश्विक सहयोग, सांस्कृतिक समन्वय और आतंकवाद-रोधी दृष्टिकोण को सुदृढ़ करने हेतु आयोजित की गई थी, जिसमें श्री गर्ग ने उत्तर प्रदेश के एकमात्र सांसद के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व किया।




**सांसद अतुल गर्ग ने कहा:** यह यात्रा केवल सांस्कृतिक और आर्थिक साझेदारी की नहीं थी, बल्कि भारत की सुरक्षा नीति और आतंकवाद के विरुद्ध हमारे दृढ़ निश्चय को वैश्विक स्तर पर रखने का भी एक महत्वपूर्ण प्रयास था। 'ऑपरेशन सिंदूर' भारत की कूटनीतिक और सैन्य क्षमता का प्रतीक है, जिसके माध्यम से हमने पाकिस्तान की नापाक हरकतों को तथ्यों के साथ दुनिया के सामने उजागर किया। उन्होंने बताया कि जब प्रतिनिधिमंडल यूएई पहुंचा, तो वहां के अधिकारियों ने कहा, ₹यह हमला केवल भारत पर नहीं, हम सब पर है।₹ मुस्लिम देशों में भी भारत के प्रति सहानुभूति और पाकिस्तान के प्रति आक्रोश स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। पाकिस्तान की छवि वहां ₹भिखारी राष्ट्र₹ जैसी है, जो हर ताकतवर देश से मदद मांगता फिरता है।



**राज्यसभा सांसद एवं बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष श्री मनन मिश्रा ने कहा:** भारत अब सहन करने वाला नहीं, बल्कि आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक कार्यवाही करने वाला देश बन चुका है।

हमें वैश्विक मंचों और संसद दोनों में भारत की दृढ़ नीति और सुरक्षा दृष्टिकोण को मजबूती से रखना चाहिए। मुस्लिम देशों की हमारी यात्रा में यह बात साफ देखने को मिली कि वहां का नेतृत्व एक स्वर में आतंकवाद के खिलाफ खड़ा है और भारत के साथ खड़ा है।



**राज्यसभा सांसद डॉ. सस्मित पात्रा ने कहा:** हम भले ही विपक्ष की राजनीति करते हों, लेकिन जब बात देश की सुरक्षा और सम्मान की हो, तो हम सब एक हैं। 'ऑपरेशन सिंदूर' पाकिस्तान के आतंकी नेटवर्क को उजागर करने की ऐतिहासिक पहल है। इससे भारत की वैश्विक साख और सुरक्षा नीति को और मजबूती मिली है। भारत अब अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कहीं अधिक सशक्त और प्रभावशाली भूमिका निभा रहा है ₹

**पूर्व महापौर श्री आशु वर्मा ने कहा:** गाजियाबाद के सांसद द्वारा अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करना हमारे शहर के लिए गर्व की बात है।